



देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

# जन जन जागरण

जनहित का सजग प्रहरी



Web Site: www.janjanjagran.com | झांसी और भोपाल से एक साथ प्रकाशित | झांसी, मंगलवार 11 मार्च 2025 | वर्ष-13 अंक-209 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए




## विपक्ष के जोरदार हंगामें के बीच लोकसभा की कार्यवाही कुछ देर के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार को शुरू हुआ, जो 4 अप्रैल तक चलेगा। लोकसभा में स्पीकर ओम बिड़ला के निर्देश पर प्रश्न काल शुरू हुआ। विपक्षी दल विभिन्न मुद्दों को उठाने की मांग कर रहे थे, लेकिन स्पीकर ने प्रश्न काल को सुचारू रूप से चलाने की अपील की। इस पर हंगामा बढ़ता चला गया और सदन की कार्यवाही को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

लोकसभा में सदन की कार्यवाही विपक्षी दलों के हंगामे के कारण 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले लोकसभा स्पीकर ने विपक्ष से प्रश्न काल सुचारु रुप से चलाने की अपील की, लेकिन विपक्ष अपनी मांगों पर अड़ा रहा और सदन में लगातार नारेबाजी होती रही, जिससे कार्यवाही बाधित हुई और अंततः स्थगित करनी पड़ गई।



गौरतलब है कि बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत सोमवार से हो चुकी है और यह सत्र 4 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मणिपुर को लेकर बजट पेश करने वाली हैं। साथ ही वक्फ बोर्ड संशोधन बिल पर भी संसद की मुहर लगाई जा सकती है। विपक्षी दल मणिपुर में भड़की ताजा हिंसा, परिसीमन और भाषा विवाद को लेकर केंद्र सरकार को घेरने की तैयारी में हैं।

## हड़ताल पर गए कर्मचारी: जर्मनी में हजारों उड़ानें रद्द, लाखों यात्री हुए परेशान



**बर्लिन।** जर्मनी में एयरपोर्ट कर्मचारियों की एक दिन की हड़ताल के चलते देशभर की हवाई यात्रा ठप हो गई। इस हड़ताल का असर फ्रैंकफर्ट और म्यूनिख सहित 13 प्रमुख एयरपोर्ट्स पर देखने को मिला, जहां 3400 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। उड़ानें रद्ध होने के कारण करीब 5 लाख यात्री प्रभावित हुए हैं।

यहां बताते चलें कि जर्मनी के 25 लाख सरकारी कर्मचारियों की प्रतिनिधि वेरडी यूनियन ने सैलरी बढ़ाने की मांग को लेकर इस हड़ताल का आह्वान किया था। हड़ताल सोमवार को शुरू होनी थी, लेकिन इसे एक दिन पहले, रविवार से ही लागू कर दिया गया। इस हड़ताल में पब्लिक डिपार्टमेंट के कर्मचारी, ग्राउंड स्टाफ और सिक्योरिटी गार्ड्स शामिल हैं। इनके काम बंद करने के कारण ज्यादातर जर्मन एयरपोर्ट्स पर विमानों की आवाजाही पूरी तरह से रुक गई।

### यात्रियों को हो रही परेशानी

इस हड़ताल से प्रभावित यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई यात्रियों को अपनी योजनाएं बदलनी पड़ीं, जबकि कुछ को वैकल्पिक यात्रा व्यवस्था करनी पड़ी। एयरलाइंस कंपनियां भी इस संकट का समाधान निकालने के लिए यात्रियों को अन्य उड़ानों में समायोजित करने की कोशिश कर रही हैं।

### सरकार और यूनियन के बीच वार्ता जारी

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार इस हड़ताल के बीच सरकार और वेरडी यूनियन के मध्य सैलरी बढ़ाने को लेकर बातचीत जारी है। यूनियन का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक वे प्रदर्शन जारी रखेंगे।

## ब्रीफ न्यूज

### भगोड़े ललित मोदी की वानुअतु की नागरिकता रद्द

**पीएम जोथम ने पासपोर्ट कैंसिल करने का आदेश दिया**

**पोर्ट विला।** इंडियन प्रीमियर लीग के पूर्व चेयरमेन और भगोड़े ललित मोदी की वानुअतु की नागरिकता रद्द होगी। वानुअतु के प्रधानमंत्री जोथम नापाट ने नागरिकता आयोग को ललित मोदी को जारी किए गए पासपोर्ट को रद्द करने का आदेश दिया है।

वानुअतु डेली पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक यह फैसला उन रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है, जिनमें ये दावा किया गया था कि ललिल मोदी भारत में प्रत्यर्पण से बचने की कोशिश कर रहा है। इसे लेकर अंतरराष्ट्रीय मीडिया में कई रिपोर्ट छपी थीं।

प्रधानमंत्री कार्यालय के बयान में कहा गया कि इंटरपोल ने दो बार ललित मोदी के खिलाफ अलर्ट जारी करने के मना कर दिया था। इसके चलते उसका पासपोर्ट आवेदन को रिजेक्ट नहीं किया गया था। कार्यालय के मुताबिक उसकी बैकग्राउंड जांच के दौरान उसे किसी अपराध में दोषी नहीं पाया गया था।

### मस्क ने यूक्रेन में इंटरनेट बंद करने की धमकी दी, बोले

**सिस्टम बंद किया तो पूरी डिफेंस लाइन ढह जाएगी**

**वॉशिंगटन।** टेस्ला और स्टारलिंक के सीईओ इलॉन मस्क ने यूक्रेन को इंटरनेट बंद करने की धमकी दी है। मस्क ने कहा कि अगर उन्होंने यूक्रेन में अपना स्टारलिंक सिस्टम बंद कर दिया तो यूक्रेन की डिफेंस लाइन ढह जाएगी।

मस्क का स्टारलिंक इंटरनेट सिस्टम, यूक्रेन को मिलिट्री कम्युनिकेशन (सैन्य संचार) बनाए रखने में मददगार रहा है। मस्क ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि, स्टारलिंक सिस्टम यूक्रेनी सेना की रीढ़ है। मैं जंग और कत्लेआम से परेशान हूं, जिसे यूक्रेन आखिरकार इसे हार जाएगा। स्टारलिंक लो-अर्थ ऑर्बिट में सैटेलाइस्ट का एक वर्ल्डवाइड नेटवर्क ऑपरेट करता है और कई देशों में स्पेस बेस्ड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रोवाइड करता है। कंपनी के पास दुनिया भर में किसी भी स्थान पर स्मार्टफोन को सीधे सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सर्विस प्रोवाइड करने की कैपेबिलिटी है।

### मार्क कार्नी कनाडा के अगले पीएम बनेंगे

**टोरंटो।** मार्क कार्नी कनाडा के अगले प्रधानमंत्री होंगे। वे जस्टिन ट्रूडो की जगह लेंगे। लिबरल पार्टी ने रविवार देर रात उन्हें अपना नेता चुना। कार्नी को 85.9 प्रतिशत वोट मिले। कार्नी ने पीएम पद की रेस में शामिल पूर्व वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड, पूर्व सरकारी सदन नेता करीना गोल्ड और पूर्व संसद सदस्य फ्रैंक बेलिस को पछाड़ा। वे बिना किसी विधायी या कैबिनेट अनुभव के पहले कनाडाई प्रधानमंत्री होंगे।

चुनाव जीतने के बाद उन्होंने कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने के ट्रम्प के बयान पर कहा कि अमेरिका कनाडा नहीं है। कनाडा कभी किसी भी तरीके से अमेरिका का हिस्सा नहीं बनेगा।

### अलीगढ़ में पकड़े गए चार बांग्लादेशी

**अलीगढ़।** अलीगढ़ की टप्पल पुलिस ने जट्टारी चौकी अंतर्गत नई बस्ती से महिला समेत चार बांग्लादेशी नागरिकों को 17 साल से अवैध रूप से रहते हुए गिरफ्तार किया है। इन्होंने अपने बेटों के फर्जी आधार कार्ड भी बनवाए। इनके पास से फर्जी आधार कार्ड के साथ तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। टप्पल पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जट्टारी स्थित नई बस्ती से चार बांग्लादेशी नागरिकों को अवैध रूप से रहते हुए गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिकों से भारत आने के बारे में पूछा तो मकसूद खान पुत्र इब्राहिम ने बताया कि सभी बांग्लादेश में जिला जिसोर के गांव बांगडंगा बगरपाड़ा के रहने वाले हैं। वहां खेती का काम करते थे।

### फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-119 को सोमवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली। 8 घंटे 37 मिनट की उड़ान के बाद फ्लाइट को मुंबई डायवर्ट कर दिया गया। फ्लाइट में 19 क्रू मेंबर्स समेत 322 यात्री सवार थे। एअर इंडिया ने बताया कि फ्लाइट के वॉशरूम में एक नोट मिला।

## विमान ने न्यूयॉर्क के लिए भरी उड़ान, बम होने की मिली सूचना, वापस मुंबई कराया लैंड

### आज फिर होगा रवाना, विमान में चालक दल के 19 सदस्यों सहित 322 लोग थे सवार

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया के विमान ने मुंबई से न्यूयॉर्क के लिए उड़ान भरी, लेकिन विमान को उड़ाने की धमकी के बाद आनन-फानन में वापस मुंबई एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया। यह घटना सोमवार सुबह 10.30 की बताई जा रही है। एअर इंडिया के विमान ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट से न्यूयॉर्क के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन बीच रास्ते में विमान को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिसके बाद विमान को वापस मुंबई एयरपोर्ट पर उतारा।

सूत्रों का कहना है कि विमान के शौचालय में एक नोट मिला, जिसमें कहा गया था कि विमान में बम रखा है। इस घटना के बाद एअर इंडिया ने बयान जारी कर पुष्टि की कि इस संबंध में सभी जरूरी प्रोटोकॉल का पालन किया गया है। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि आज 10 मार्च को मुंबई-न्यूयॉर्क का संचालन करने वाली एआई119 की फ्लाइट के दौरान संभावित खतरे का पता चला। जरुरी प्रोटोकॉल का पालन करने के बाद विमान में सवार सभी यात्री की सुरक्षा के हित में विमान को वापस मुंबई लैंड कराया गया। हमेशा की तरह एअर इंडिया यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है।

एयरलाइन ने कहा कि विमान को अब 11 मार्च सुबह 5 बजे के लिए रिशेड्यूल किया गया है। सभी यात्रियों के लिए तब तक के लिए खाने और ठहरने की सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। बता दें कि इस विमान में चालक दल के 19 सदस्यों सहित 322 लोग सवार थे।

## 130 की रफ्तार से आई तबाही- बिजली के खंभे टूटे, घरों को नुकसान पहुंचा, अब चौतरफा अंधेरा

**ब्रिसबेन।** ऑस्ट्रेलिया में आए अल्फ्रेड तूफान ने कई शहरों को भारी नुकसान पहुंचाया है। यहां 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली आंधी ने बिजली के खंडे उखाड़ दिए। कई घरों को क्षति पहुंचाई और सड़के उखाड़ दीं। अब हालात ये है कि चौतरफा अंधेरा छाया हुआ है। न बिजली है और न ही पानी की आपूर्ति हो पा रही है। एक्स-ट्रॉपिकल साइक्लोन में ब्रिस्बेन और गोल्ड कोस्ट के आसमान में तो मानो काले बादलों ने जैसे कयामत का ऐलान कर दिया था।

## मप्र को मिला 9वां टाइगर रिजर्व




### सीएम डॉ. मोहन ने बाघ-बाघिन को छोड़ा

**भोपाल।** टाइगर स्टेट मप्र को 9वां टाइगर रिजर्व सोमवार को मिल गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश को 9वें टाइगर रिजर्व की सौगात दी। इसका नाम माधव टाइगर रिजर्व है। माधव राव सिंधिया की 80वीं जयंती पर सीएम डॉ.मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने यहां पन्ना से लाई गई बाघिन को छोड़ा।

टाइगर रिजर्व पहुंचे सिंधिया ने खुद सेलिंग क्लब से सात किलोमीटर दूर वॉच टावर तक सफारी गाड़ी ड्राइवर की, जिसमें सीएम मोहन यादव भी बैठे रहे। इसी जगह से 3 साल की बाघिन को जंगल में छोड़ा गया। इस दौरान माधव टाइगर रिजर्व के लोगो का अनावरण और 13 किलोमीटर लंबी सुरक्षा दीवार का लोकार्पण किया गया। टाइगर रिजर्व शिवपुरी शहर के नजदीक है, लिहाजा ये दीवार नागरिकों के लिए सुरक्षा कवच की तरह होगी। माधव टाइगर रिजर्व का आरक्षित वन क्षेत्र 32429.52 हेक्टेयर, संरक्षित वन क्षेत्र 2422.00 हेक्टेयर और राजस्व क्षेत्र 2671.824 हेक्टेयर है। इस प्रकार कुल क्षेत्र 37523.344 हेक्टेयर यानी 375.233 वर्ग किलोमीटर है। नया माधव टाइगर रिजर्व शिवपुरी जिले में है। यहां आने के लिए सबसे नजदीकी एयरपोर्ट झांसी और ग्वालियर हैं। इन दोनों ही शहरों में हर एक्सप्रेस ट्रेन भी रुकती है। झांसी और ग्वालियर से शिवपुरी की दूरी करीब 2 घंटे है।

### मोगली से है इस टाइगर रिजर्व का संबंध

मप्र के पेंच टाइगर रिजर्व का संबंध द जंगल बुक से है। इस किताब को रूडयार्ड किपलिंग ने लिखा था। उनकी किताब पर बने कार्टून ने पूरे विश्व में तहलका मचा दिया था। किपलिंग को पेंच के जंगलों में एक ऐसा बच्चा मिला था, जो खूंखार जानवरों के साथ रहता था। इसी बच्चे को कार्टून कैरेक्टर मोगली के नाम से जाना जाता है। सरकार ने साल 1977 में 449.392 वर्ग किमी का क्षेत्र पेंच सेंक्चुरी घोषित किया। इसमें से, 292.857 वर्ग किमी का क्षेत्रफल साल 1983 में पेंच नेशनल पार्क घोषित किया गया। 118.473 वर्ग किमी पेंच सेंक्चुरी के रूप में रहा। साल 1992 में भारत सरकार ने नेशनल पार्क और सेंक्चुरी सहित 757.85 वर्ग किमी क्षेत्र को देश के 19वें टाइगर रिजर्व के रूप में घोषित किया। पेंच नेशनल पार्क और पेंच सेंक्चुरी का नाम बदलकर साल 2002 में इंदिरा प्रियदर्शिनी पेंच नेशनल पार्क और पेंच मोगली सेंक्चुरी कर दिया गया।

## भूपेश बघेल के घर से भारी मात्रा में कैश बरामद!

### ईडी ने मंगाई नोट गिनने की मशीन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आवास पर भारी मात्रा में कैश पाए जाने के आरोपों के बीच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ा कदम उठाया है। इसकी गिनती के लिए ईडी अधिकारियों ने दो कैश गिनने वाली मशीनें लाई हैं। ईडी ने भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल से जुड़े एक परिसर से कुछ इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और दस्तावेज भी जब्त किए हैं। मामला शराब घोटाले से जुड़ा है।

सूत्रों के मुताबिक, चैतन्य बघेल को जल्द ही पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। संभावना है कि आज ही पूछताछ का पहला दौर शुरू हो सकता है। ईडी की छापेमारी और कार्रवाई चैतन्य बघेल के खिलाफ प्राप्त सबूतों के आधार पर की गई है, जिसमें उनका नाम 2100 करोड़ रुपये के शराब घोटाले के प्रमुख खिलाड़ियों में से एक के रूप में शामिल है।

### 14 जगहों पर छापे पड़े

चैतन्य बघेल से जुड़े कई ठिकानों समेत 14 जगहों पर छापे पड़े हैं। 2100 करोड़ रुपए के शराब घोटाले में चैतन्य बघेल को भी लाभ पहुंचाने का दावा किया गया है। चैतन्य के करीबी और सहयोगी लक्ष्मीनारायण बंसल और पप्पू बंसल के ठिकानों पर भी कार्रवाई हुई। इसके अलावा भिलाई के नेहरू नगर में मनोज राजपूत, चरोदा में अभिषेक ठाकुर और संदीप सिंह, कमल अग्रवाल किशोर राइस मिल दुर्ग, सुनील अग्रवाल सहेली ज्वेलर्स दुर्ग और बिल्डर अजय चौहान के यहां भी ईडी की कार्रवाई की है।

### 2019 से 2022 के बीच 2,161 करोड़ के घोटाले

कथित छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की जांच को तेज करने के लिए ईडी ने चैतन्य बघेल के ठिकानों सहित राज्य में अन्य 14 स्थानों पर आज छापेमारी की। यह कार्रवाई 2019 से 2022 के बीच राज्य में लगभग 2,161 करोड़ के घोटाले से जुड़ा है। जांच के दौरान मीडिया रिपोर्ट्स में ईडी सूत्रों के हवाले से बताया गया कि हमने कुछ सबूत प्राप्त किए हैं जिनके तार चैतन्य बघेल से जुड़े हुए हैं। मौजूदा साक्ष्यों के आधार पर हम ये छापेमारी कर रहे हैं।

### 2023 में ईडी ने दर्ज की थी शिकायत

प्रवर्तन निदेशालय ने जुलाई 2023 में इस शराब घोटाला केस में एक शिकायत दर्ज की थी, जिसमें रायपुर के मेयर एजाज ढेबर के भाई अनवर ढेबर, पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा और छत्तीसगढ़ राज्य विपणन निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अरुणपति त्रिपाठी जैसे प्रमुख लोगों का नाम शामिल थे। एजेंसी ने आरोप लगाया कि इन लोगों ने घोटाले को अंजाम देने में अहम भूमिका निभाई, जिसमें खरीद प्रक्रियाओं में हेरफेर करना और चुनिंदा शराब निर्माताओं से कमीशन लेना शामिल था। ईडी की जांच से पता चला कि कथित भ्रष्टाचार के कारण राज्य के खजाने को 2,161 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। जांच के दौरान अलग-अलग समय पर एजेंसी ने व्यवसायियों और पूर्व नौकरशाहों सहित विभिन्न आरोपियों से जुड़ी लगभग 205.49 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क भी की हैं। इन संपत्तियों में चल और अचल दोनों तरह की संपत्तियां शामिल हैं।

## बंधकों की रिहाई की मांग को लेकर इजरायल ने रोक दी बिजली सप्लाई

**अंधेरे में डूबा गाजा**

**तेलअवीव।** इजरायल और हमास के बीच दूसरे चरण के सीजफायर की संभावना बनी हुई है। लेकिन इससे पहले इजरायल ने संकटग्रस्त गाजा में बिजली की सप्लाई रोक दी है, जिससे पानी की आपूर्ति भी बाधित हुई है। हमास ने इसे इजरायल की स्टार्वेशन पॉलिसी बताया है। इजरायल का कहना है कि वो गाजा की बिजली सप्लाई को तुरंत प्रभाव से बंद कर रहा है। इजरायल और हमास के बीच पहले चरण के सीजफायर की अवधि पिछले हफ्ते खत्म हो गई थी। ऐसे में इजरायल चाहता है कि हमास इजरायल के बाकी बचे बंधकों को भी रिहा करे। इजरायल का कहना है कि अभी भी हमास के कब्जे में 59 बंधक है। एसे में वह इन बंधकों की रिहाई चाहता है, जिस वजह से हमास पर दबाव बनाने के लिए उसने यह कदम उठाया है। इजरायल के ऊर्जा मंत्री एली कोहेन ने बताया कि उन्होंने इजराइल इलेक्ट्रिसिटी कॉर्पोरेशन को इलाके की सप्लाई रोकने का आदेश दिया है। कोहेन ने कहा कि मैंने गाजापट्टी के लिए बिजली की सप्लाई तुरंत बंद करने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। हम अपने पास मौजूद हर रास्ते का इस्तेमाल करेंगे ताकि बंधकों की रिहाई हो और गाजा से हमास का खात्मा सुनिश्चित किया जा सके।

## टीआई कुजूर सुसाइड मामले में दो गिरफ्तारी

### आशी राजा और उसके सहयोगी सोनू परमार से पुलिस की पूछताछ जारी

**छतरपुर।** छतरपुर सिटी कोतवाली के पूर्व थाना प्रभारी अरविंद कुजूर की आत्महत्या मामले में पुलिस ने उनकी प्रेमिका आशी राजा और उसके सहयोगी सोनू परमार को गिरफ्तार किया है।

गौरतलब है कि 6 मार्च की शाम को टीआई कुजूर ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। घटना से पहले उन्होंने एक गोली दीवार पर चलाई और दूसरी गोली से खुद को मार लिया। उनके केयरटेकर प्रदीप अहिरवार ने बताया कि घटना के समय वे बेहद गुस्से में थे और फोन पर किसी से बात कर रहे थे। जांच में सामने आया है कि 48 वर्षीय कुजूर 25 वर्षीय आशी राजा से शादी करना चाहते थे और उन्होंने आशी को पुलिस लाइन के पास एक किराए का मकान भी दिलवाया था।

### अब तक 15 लोगों से हुई पूछताछ

सीएसपी अमन मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच ओरछा रोड थाने में चल रही है। पुलिस अब तक 10-15 लोगों से पूछताछ कर चुकी है और जल्द ही मामले का पूरा खुलासा किया जाएगा।

## फरवरी में घरेलू वेज थाली हुई सस्ती

### नॉन-वेज थाली सालाना आधार पर 6 प्रतिशत महंगी

**नई दिल्ली।** भारत में एक घरेलू वेजिटेरियन थाली की कीमत फरवरी में (सालाना आधार पर) 1 प्रतिशत घटकर 27.2 रुपए हो गई। पिछले साल फरवरी 2024 में वेज थाली की कीमत 27.5 रुपए थी। कैपिटल मार्केट कंपनी क्रिसिल ने जारी किए अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी।

क्रिसिल ने अपनी राइस रोटी रेट रिपोर्ट में बताया कि वेजिटेरियन थाली की कीमत जनवरी की तुलना में फरवरी में 5 प्रतिशत घटी है। जनवरी में वेज थाली की कीमत 28.7 रुपए थी।

### नॉन-वेज थाली 6 प्रतिशत महंगी

वहीं नॉन-वेज थाली की कीमत फरवरी में सालाना आधार पर 6 प्रतिशत बढ़कर 57.4 रुपए हो गई। पिछले साल फरवरी 2024 में नॉन वेज थाली की कीमत 54 रुपए थी। मंथली बेसिस पर यानी जनवरी की तुलना में फरवरी में नॉन-वेज थाली की कीमत 5 प्रतिशत घटी है। जनवरी में नॉन-वेज थाली की कीमत 60.6 पए ही थी।

### टमाटर-एलपीजी की कीमत घटने से वेज थाली के दाम घटे

क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, टमाटर और एलपीजी के दाम घटने के चलते वेज थाली की कॉस्ट में कमी हुई है। सालाना आधार पर टमाटर की कीमतों में 28 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं एलपीजी सिलेंडर 11 प्रतिशत सस्ता हुआ है। वहीं सालाना आधार पर प्याज के दाम 11 प्रतिशत, आलू का भाव 16 प्रतिशत और वेजिटेबल ऑयल की कीमत 18 प्रतिशत बढ़ी है। वेज थाली की कॉस्ट में आलू और टमाटर की 24 प्रतिशत हिस्सेदारी होती है। वहीं नॉन वेज थाली की कीमत में ये तेजी ब्रॉयलर्स यानी चिकन के प्राइस में सालाना आधार पर 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी के चलते आई है। नॉन-वेज थाली की लागत में ब्रॉयलर की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी होती है।

## रुपया रिकॉर्ड ऑल टाइम लो पर

### डॉलर के मुकाबले 38 पैसे गिरकर 87.33 पर आया, विदेशी वस्तुएं महंगी होंगी

**नई दिल्ली।** रुपया सोमवार को अपने रिकॉर्ड ऑल टाइम लो पर आ गया है। इसमें अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 38 पैसे की गिरावट है और यह 87.33 रुपए प्रति डॉलर के स्तर पर आ गया है। ये मार्च महीने में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है। इससे पहले शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 17 पैसे मजबूत होकर 86.95 पर बंद हुआ था। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, रुपए में इस गिरावट की वजह हाल ही में भारतीय शेयर मार्केट में विदेशी निवेशकों के जरिए की जा रही बिकवाली है। इसके अलावा जिओ पॉलिटिकल टेंशन्स कारण भी रुपए पर नेगेटिव असर पड़ा है।

रुपए में गिरावट का मतलब है कि भारत के लिए चीजों का इंपोर्ट महंगा होना है। इसके अलावा विदेश में घूमना और पढ़ना भी महंगा हो गया है। मान लीजिए कि जब डॉलर के मुकाबले रुपए की वैल्यू 50 थी तब अमेरिका में भारतीय छात्रों को 50 रुपए में 1 डॉलर मिल जाते थे। अब 1 डॉलर के लिए छात्रों को 86.31 रुपए खर्च करने पड़ेंगे। इससे फीस से लेकर रहना और खाना और अन्य चीजें महंगी हो जाएंगी।

# अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी से बच्चों की शिक्षा में होगा सुधार: मुख्य विकास अधिकारी

### झाँसी के सभी सरकारी स्कूलों में पहली बार मेगा पीटीएम और संगोष्ठी का आयोजन

### अभिभावक दें बच्चों को प्रोत्साहन, बेहतर शिक्षा हर बच्चे को बना सकती है सफल





**झाँसी।** निपुण भारत मिशन के तहत झाँसी जनपद के सभी सरकारी स्कूलों में पहली बार मेगा अभिभावक-शिक्षक बैठक (PTM) का आयोजन किया गया। इस पीटीएम में अभिभावकों, शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों (HMs), अकादमिक रिसोर्स पर्सन्स (ARPs), स्कूल प्रबंधन समितियों (SMC), बेसिक शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारी और स्थानीय नेताओं ने सहभागिता की। इस पहल का उद्देश्य स्कूलों में संवाद को बेहतर बनाना और अभिभावकों की भागीदारी को मजबूत करना था।

मुख्य विकास अधिकारी जुनैद अहमद, पीएम डी.सी. तालपुरा में आयोजित अभिभावक-शिक्षक बैठक (क्क्ष्ररू) में शामिल हुए। विद्यालय का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा, ''उत्तर प्रदेश सरकार स्कूली शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। सरकारी विद्यालयों को निजी स्कूलों के समकक्ष बनाने के प्रयास सफल रहे हैं, और अब सरकार का पूरा ध्यान बच्चों की बुनियादी शिक्षा को मज़बूत करने और उन्हें निपुण बनाने पर केंद्रित है। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों की शिक्षा यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभाएं और ऐसे आयोजनों के माध्यम से शिक्षकों से संवाद स्थापित कर अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति को समझें। जब पूरा समुदाय एकजुट होगा, तभी हर बच्चा निपुण बन सकेगा उन्होंने कहा। साथ ही, उन्होंने अभिभावकों की भागीदारी को बच्चों के विकास का एक महत्वपूर्ण पहलू बताते हुए आगामी क्क्ष्ररू में अधिक से अधिक अभिभावकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया। मॉडल पीटीएम के तहत छात्रों और अभिभावकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। पूरे शैक्षणिक वर्ष में 100त्न उपस्थिति दर्ज कराने वाले या सर्वाधिक उपस्थिति वाले ग्रेड 3 छात्रों को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। साथ ही, सभी ह्वक्क्ह्र छात्रों को विशेष प्रमाणपत्र देकर उनकी उपलब्धि को सराहा गया। अभिभावकों की भूमिका को भी मान्यता दी गई—उन्हें विशेष प्रमाणपत्र प्रदान किए गए, विशेष रूप से उन अभिभावकों को जिनके बच्चे उपस्थिति पुरस्कार के पात्र बने। इसके अलावा, ऐसे अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने ष्ठक्चञ्ज फंड्स (यूनिफॉर्म, स्कूल बैग, जूते आदि) का सही और प्रभावी उपयोग किया, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि उनका बच्चा आवश्यक शैक्षणिक संसाधनों से वंचित न रहे।

बेसिक शिक्षा अधिकारी विपुल शिव सागर ने पूर्व प्राथमिक विद्यालय, बंगुवान का दौरा करते हुए कहा, ''विद्यालयों में सकारात्मक संवाद तभी संभव होगा जब शिक्षक और अभिभावक मिलकर बच्चों की बुनियादी शिक्षा को मजबूत करने में भूमिका निभाएं। शिक्षा को सशक्त बनाना केवल अध्यापकों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि अभिभावकों की भी उतनी ही भागीदारी आवश्यक है। जब अभिभावक अपने बच्चों को प्रोत्साहित करेंगे, तो वे शिक्षा में रुचि लेंगे और आगे चलकर सफलता हासिल करेंगे।

उन्होंने विभाग की ओर से इस प्रक्रिया को भविष्य में भी नियमित रूप से आयोजित करने पर जोर दिया, ताकि विद्यालय और समुदाय के बीच मजबूत जुड़ाव बना रहे और शिक्षा की गुणवत्ता निरंतर सुधरती रहे। बैठक के दौरान, शिक्षकों ने अभिभावकों को उनके बच्चों के रिपोर्ट कार्ड प्रदान किए और उनकी शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा की। रिपोर्ट कार्ड में छात्रों की विषयवार प्रगति, कौशल विकास और सुधार के संभावित क्षेत्रों की जानकारी दी गई। इस संवाद के माध्यम से अभिभावकों को यह समझने में सहायता मिली कि वे घर पर अपने बच्चों की शिक्षा में कैसे सहयोग कर सकते हैं। प्रधानाध्यापकों (॥स्द्य) ने स्कूलों में चल रही शैक्षिक गतिविधियों और सुधार योजनाओं पर जानकारी दी। कई स्कूलों में छात्रों ने अपनी सीखने की उपलब्धियां साँझा कीं, जिससे अभिभावकों को उनकी शैक्षिक स्थिति को समझने का अवसर मिला। स्थानीय नेताओं और पंचायत प्रतिनिधियों की भी कुछ स्कूलों में उपस्थिति रही, जिन्होंने समुदाय को शिक्षा से जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया और अभिभावकों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया।

## » न्यूज कैप्सूल »

### ईट मारकर हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जालौन।** दलित मकान मालिक की ईट मारकर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर गिरफ्तार करके गहन पूछताछ में हत्या में प्रयोग की गई ईंट बरामद करने के बाद अभियुक्त को जेल भेजा। नगर जालौन के मोहल्ला तोपखाना निवासी प्रदीप कुमार दोहरे उर्फ सिंघानिया पुत्र रघुनाथ प्रसाद दोहरे की उनके किराए दार ने गत दिवस ईट मारकर हत्या कर दी थी। जिसका मुकदमा मृतक के भाई विष्णु कुमार दोहरे उर्फ अंजय ने दर्ज कराया था। जिस पर कार्यवाही करते हुए कोतवाली प्रभारी अजीत सिंह, एसएसआई गौरव मिश्रा, क्राइम इंस्पेक्टर जगदंबा प्रसाद दुबे आदि पुलिस बल ने हत्या के आरोपी मोहित कुमार निवासी ग्राम सालौखरा थाना बिठौली जिला इटावा को मुखबिर की सटीक सूचना के बाद गिरफ्तार कर लिया। इसी दौरान गिरफ्तार आरोपी ने पुलिस को बताया कि मकान मालिक और मेरे भाई में विवाद हो गया था। इसी दौरान उसको ईट मर दी जिससे उसकी मौत हो गई। अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में प्रयोग की गई ईट भी बरामद कर ली है। पुलिस ने पूंछताछ के बाद गिरफ़्तार अभियुक्त को जेल भेज दिया।

### हमीरपुर माइनर में अधेड़ का शव मिलने से इलाके में मचा हड़कंप

**उरई।** एट कोतवाली क्षेत्र के हमीरपुर माइनर में अधेड़ का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पहचान होने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र में हमीरपुर माइनर में अधेड़ का शव पड़ा देखकर इलाके में सनसनी फ़ैल गई। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और उसकी पहचान कराने का प्रयास शुरू कर दिया। पुलिस के कड़े प्रयासों के बाद मृतक की पहचान काशीराम कुशवाहा 62 वर्ष पुत्र कामता प्रसाद निवासी कोटरा तिराहा वार्ड नंबर 2 के रूप में की गई। पहचान होने के बाद पुलिस ने घटना की जानकारी उसके परिजनों को दी। खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और वह रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। परिवार के लोगों ने बताया कि वह मजदूरी का काम करता था और उसके दो पुत्र महेंद्र व शिवम है।बताया जा रहा है कि वह नशे की हालत में नहर में सोच क्रिया करने या पानी पीने के लिए कोशिश कर रहा होगा। तभी अचानक पैर फिसल जाने के कारण नहर में गिर गया होगा। मामले में कोतवाली प्रभारी लोकेंद्र सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच पड़ताल की जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद सब कुछ साफ हो जायेगा।

### गाली गलौज और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**जालौन।** रिपोर्ट दर्ज कराने को लेकर रंजिश मान बैठे युवक ने गांव के ही युवक के साथ गाली, गलौज कर मारपीट कर दी। पीि?त की सूचना पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उदोतपुरा निवासी उमाशंकर व रविशंकर ने गांव के ही हिमांशु व राजकिशोर के साथ रास्ते में रोककर मारपीट कर दी थी। जिसकी रिपोर्ट उसने कोतवाली में दर्ज कराई थी। इसी बात को लेकर वह दोनों उससे रंजिश मान बैठे। पीि?त हिमांशु ने आरोप लगाया कि शनिवार की शाम दोनों उसके घर आ धमके और रिपोर्ट दर्ज कराने को लेकर उसके साथ गाली, गलौज करने लगे और मारपीट पर आमादा हो गए।

## सीतापुर में साथी की हत्या से पत्रकारों में आक्रोश



### प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने सीएम को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

**बांदा।** सीतापुर जिले में पत्रकार की गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद पत्रकारों में आक्रोश है। सोमवार को प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक जर्नलिस्ट एसोसिएशन पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी जे. रीभा को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि मृतक पत्रकार के आश्रितों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी जाए। इसके अलावा अन्य मुद्दे भी शामिल किए गए।

मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को देते हुए एसोसिएशन पदाधिकारियों ने मांग की है कि प्रदेश सरकार के गृहसचिव व पुलिस महानिदेशक को निर्देशित किया जाए कि सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेयी को दिनदहाड़े गोली मारने वाले हत्यारों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। मृतक परिजनों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक मद दी जाए, मृत पत्रकार की पत्नी को सरकारी नौकरी और उनके बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी प्रदेश सरकार उठाए। इसके अलावा पत्रकारों की सुरक्षा के लिए सरकार सुरक्षा आयोग का गठन करे और कानून को लागू किया जाए। ज्ञापन में कहा गया कि जनपदममें पत्रकारों के प्रति प्रशासनिक रवैया ठीक नहीं है। पुलिस पत्रकारों के साथ हिंसा, मीडिया की स्वतंत्रका का आए दिन हनन किया जा रहा है, इसे रोकने का आदेश जनपद में भेजा जाए। इस दौरान प्रदीप सिंह, पंकज शशुाक्ला, प्रमोद शुक्ला, नरेंद्र सिंह तोमर, केएस दुबे, अनिल सिंह गौतम के अलावा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह गौतम शामिल रहे।

## आग लगने से कागज फैक्ट्री जलकर तबाह, 12 लाख का नुक़सान



**कालपी।** नगर कोतवाली में कागज फैक्ट्री में सोमवार की दोपहर आग लग गई। जिससे फैक्ट्री में रखा करीब 12 लाख रुपए का माल जलकर पूरी तरह तबाह हो गया।नगर कोतवाली के फैक्ट्री ऐरिया में कागज उद्यमी राज नारायन वर्मा टीन सैट में बैल्डिँग करवा रहे थे। बताया गया कि बेल्डिंग करते समय निकली चिन्गारी वहां पर पड़े गूदड में गिर गई। जब तक फैक्टरी मालिक और बैल्डिँग करने वाला कुछ समझ पाता तब तक आग परिसर में रखे गूदड में फैल गई और वह धधकने लगी। इस दौरान आग का विक्राल रुप देखकर कागज उद्यमी व मजदूरो में हड़कंप मच गया और उन्होंने वही मौजूद पानी से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग को काबू में न आता देख उन्होंने मामले की सूचना दमकल कर्मियों को दी। लेकिन वहां पर पानी की कमी होने से आग ने मशीनो के साथ परिसर में रखे 8 टन के करीब कच्चे माल व निर्मित कागज को भी अपनी चपेट में ले लिया। हालाकि ख़बर मिलते ही दल-बल के साथ मौके पर पहुचे प्रभारी महेन्द्र प्रसाद बाजपेई ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक मशीनरी के साथ गूदड और निर्मित कागज जलकर खाक हो चुका था।अग्निकांड का शिकार हुए कागज उद्यमी के अनुसार आग लगने से उसका करीब 12 लाख के आसपास नुकसान होना बताया गया है।

## सीतापुर में हुई पत्रकार की हत्या में शामिल हत्यारोपियों पर रासुका के साथ गैंगस्टर की हो कार्रवाई

### दिवंगत पत्रकार के आश्रितों को 25 लाख की आर्थिक सहायता के साथ परिवार के एक सदस्य को जी जाए नौकरी



**उरई।** बुंदेलखंड मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के तत्वावधान में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया जिसमें सीतापुर जिले के दैनिक जागरण समाचार पत्र के तहसील संवाददाता राघवेन्द्र बाजपेई की माफियाओं द्वारा दिन दहाड़े हत्या कर दी गई जो योगी सरकार के लिए एक चुनौती है। भाजपा सरकार में खुले आम गुंडई स्थानीय प्रशासन के लिए शर्मसार करने वाली है यही नहीं प्रदेश में कानून व्यवस्था के लिए एक चुनौती है जबकि सरकार ने प्रदेश को अपराधमुक्त करने के बीड़ा उठा रखा था लेकिन ऐसे छुटभइयों के कारनामों से प्रदेश सरकार की बदनामी झेलनी पड़ती है। बुंदेलखंड मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष केपी सिंह, सचिव सुनील शर्मा के नेतृत्व मे सोमवार को जिलाधिकारी राजेश पाण्डेय से ज्ञापन के जरिए मांग की कि दिवंगत पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई के आश्रितों को 25 लाख की धनराशि के साथ परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाय । यह भी मांग की गई कि हत्यारोपियों के साथ साथ षड्यंत्रकारियों की शीघ्र गिरफ्तारी हो उनपर गैंगस्टर की कार्रवाई कर उनकी संपत्ति कुर्क की जाय यही नहीं सरकार पैरवी कर अविलंब सजा सुनिश्चित कराए। वहीं जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि ज्ञापन मुख्यमंत्री को शीघ्र प्रेषित किया जाएगा। ज्ञापन में प्रमुख रूप से मान्यता प्राप्त पत्रकार अरविंद द्विवेदी, सुधीर त्रिपाठी, देवेंद्र त्रिपाठी, अशोक पुरवार, राजू सैनी, अनिल शर्मा, राकेश द्विवेदी, अचल शर्मा, सुधीर राना, राहुल दुबे, सुशील पाण्डेय, सुधीर पाण्डेय, मुन्नेस, सुरेन्द्र सिंह, रोहित सोनी, शत्रुघन सिंह, ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव, हाशिम राजा, दीपेश गुप्ता, पवन यादव आदि मौजूद थे।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने चेकिंग कर, भरे नमूने

**उरई।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ व जिलाधिकारी के आदेशानुसार आगामी होली पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज सुशील कुमार सिंह उपजिलाधिकारी कालपी के नेतृत्व में डॉ. जतिन कुमार सिंह सहायक आयुक्त खाद्य, प्रेम कुमार त्रिपाठी मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, अनिल कुमार शंखवार ,कन्हैयालाल यादव, महेश प्रसाद, सुनील कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी के सचल दल द्वारा तहसील कालपी के टरननगंज में स्थित श्याम किशोर के परिसर से खाद्य पदार्थ नमकीन का नमूना संग्रहित किया गया एवं राजेंद्र प्रसाद के परिसर से खाद्य पदार्थ मखाना का नमूना संग्रहित किया गया। धर्मेंद्र कुमार के परिसर से खाद्य पदार्थ पनीर का नमूना, राधा मोहन ट्रेडर्स के परिसर से खाद्य पदार्थ घी का नमूना, श्रीराम गुप्ता के परिसर से खाद्य पदार्थ बेसन का नमूना, उदय गुप्ता कालपी के परिसर से मिर्च पाउडर व चिप्स का नमूना, कदौरा बस स्टैंड पर स्थित अनिल कुमार के परिसर से खोया का नमूना, सुनील कुमार के परिसर से खाद्य पदार्थ बूंदी का लड्डू व मिल्क केक का नमूना, राम शिरोमणि के परिसर से खाद्य पदार्थ खोया का नमूना संग्रहित किया गया।खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य कारोबारकर्ताओं को साफ-सफाई हेतु निर्देश जारी किये गये एवं शुद्ध खाद्य पदार्थ की ब्रिकी हेतु जागरूक किया गया। आगामी होली पर्व के दृष्टिगत कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

## ई-रिक्शा चालक को न्याय दिलाने को सड़क पर उतरे विधायक अनिल प्रधान

**चित्रकूट।** फूलचंद जायसवाल की आत्महत्या के मामले ने अब राजनीतिक रंग ले लिया है। गरीब रिक्शा चालक की मौत के बाद सदर विधायक अनिल प्रधान पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और शासन-प्रशासन से दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। कहा कि फूलचंद की मौत भ्रष्टाचार के दानव की बलि है, और अब यह लड़ाई न्याय की होगी।

विधायक अनिल प्रधान ने मृतक की पत्नी श्रीमती प्रीति जायसवाल से मुलाकात की और उनकी पीड़ा सुनी। कहा कि परिवार को इस कठिन समय में अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। तत्कालिक सहायता के रूप में उन्होंने 11,000 रूपए की आर्थिक मदद दी और सरकार से मुआवजे की सिफारिश करने का आश्वासन दिया। उन्होंने साफ कहा कि सरकारी तंत्र के भ्रष्टाचार के कारण गरीबों को मौत के मुंह में नहीं धकेला जा सकता।

विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने व पीटीओ दीप्ति त्रिपाठी एवं एआरटीओ प्रवर्तन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने की मांग की। उन्होंने पत्र में लिखा कि फूलचंद को ई-रिक्शा छोड़ने के लिए 50,000 रूपए की रिश्वत मांगी गई, जो वह देने में सक्षम नहीं थे। ऋण लेकर खरीदी गई बैटरी का कर्ज पहले से ही सिर पर था। इसी मानसिक तनाव में उन्होंने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। विधायक ने पत्र में यह भी लिखा कि पीड़ित परिवार के जीविकोपार्जन का कोई साधन नहीं बचा है।

## पत्रकार की निर्मम हत्या से उबाल, चित्रकूट में गरजा चौथा स्तंभ

### कलम के सिपाही सड़क पर, सौंपा ज्ञापन

### पत्रकारों की सुरक्षा पर उठे सवाल

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश के सीतापुर में दिनदहाड़े पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह दिल दहला देने वाली घटना दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर, इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के हेमपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास हुई। सीतापुर में पहली बार किसी पत्रकार की इस तरह हत्या होने से पूरे प्रदेश में शोक और आक्रोश का माहौल है। इस हत्या के विरोध में चित्रकूट के पत्रकारों ने कर्वी, मऊ, मानिकपुर और राजापुर तहसील में प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पर जोरदार धरना दिया।

पत्रकारों ने इस निर्मम हत्या पर प्रशासन से हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी व मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने की मांग की। साथ ही, मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी दिए जाने की भी अपील की गई। विरोध प्रदर्शन में चित्रकूट प्रेस क्लब के अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि यह घटना पत्रकारिता जगत पर सीधा हमला है और यदि सरकार ने दोषियों को जल्द गिरफ्तार नहीं किया, तो पत्रकार उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। प्रदर्शन को मजबूती देने के लिए सदर विधायक अनिल प्रधान, सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव और भाकपा के जिला सचिव अमित यादव भी धरने में शामिल हुए। सभी ने प्रदेश सरकार व सीतापुर पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए और कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर सरकार की उदासीनता अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

प्रदर्शन के बाद पत्रकारों के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक अरुण सिंह व अपर जिलाधिकारी राजेश प्रसाद को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा व मांग की कि दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। पत्रकारों ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र कदम नहीं उठाए, तो यह विरोध प्रदर्शन और उग्र होगा।

## » न्यूज कैप्सूल »

### माहौल बिगाड़ने वालों का वख्शा नहीं जायेगा क्षेत्राधिकारी

**मऊरानीपुर।** कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन तहसीलदार प्रभात कुमार व क्षेत्राधिकारी लक्ष्मीकांत गौतम की उपस्थिति में किया गया इस मौके पर उपस्थित लोगों से कोतवाली प्रभारी शिवकुमार सिंह ने सुझाव मांगे इस मौके पर अधिकारियों ने होली का त्यौहार आपसी प्रेम के साथ मनाने की अपील की और माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी बैठक में प्रधान पार्षद विद्युत विभाग जल संस्थान के ओवर अभियंता अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सहित आदि नगर वासी उपस्थित रहे।

### युवक ने खाया जहर

**मऊरानीपुर।** जहरीले पदार्थ के सेवन से एक युवक की हालत बिगड़ गई जानकारी के अनुसार रॉबिन पुत्र मशुउदीन निवासी मौजा मढा मऊरानीपुर को गंभीर अवस्था में समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया बताया गया कि जहरीले पदार्थ के सेवन से हालत बिगड़ गई प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

### गर्म तेल से मासूम बालिका झुलसी

**मऊरानीपुर।** गर्म तेल से एक मासूम बालिका गंभीर रूप से झुलस गई जानकारी के अनुसार दिशा पुत्री कालीचरन निवासी ग्राम जरया मध्य प्रदेश को झुलसी हुई अवस्था में समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया बताया गया कि गर्म तेल से झुलस गई प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

### महिला को गाय ने सींग मारा

**मऊरानीपुर।** सींग मारकर एक महिला को गंभीर रूप से घायल कर दिया जानकारी के अनुसार सेवर वाली पत्नी गंगाराम निवासी ग्राम हरपुरा को घायल अवस्था में समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया बताया गया कि गाय ने सींग मारकर घायल कर दिया प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

### सीढियों से मासूम बालिका गिरी

**मऊरानीपुर।** सीढियों से गिरकर एक मासूम बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई जानकारी के अनुसार भावना पुत्री धर्मपाल निवासी ग्राम कुआ गांव को घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया बताया गया कि सीढियों से गिरकर घायल हो गई प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

### सरदार वल्लभभाई पटेल द्वार का विधायक ने किया लोकार्पण

**मऊरानीपुर।** भारत रतन लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एक सूत्र पिरोया यह बात विधायक डॉक्टर रश्मि आर्य ने अखिल भारतीय कुर्मी क्षेत्रीय महासभा व बुंदेलखंड कुर्मी क्षत्रिय कल्याण समिति के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम रूपा धमना में सरदार वल्लभभाई पटेल द्वार के लोकार्पण के अवसर पर कहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय निरंजन राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में राम गोपाल निरंजन गुलजारीलाल निरंजन भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप पटेल जिला पंचायत सदस्य आनंद पटेल दीपू पटेल मानसिंह पटेल मुकेश पटेल उपस्थित रहे इस मौके पर कैलाश पटेल रोहित पटेल भूपेंद्र पटेल सहित आदि लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन विनोद निरंजन ने किया।

### पूरे साल मिट्टी के बर्तन बनाते हैं और कमाते हैं 50 हजार

**मऊरानीपुर।** गर्मी बढ़ते ही मटको की दुकानें सज गई है ग्राम थाना लारौन कटेरा में 90 परिवार मिट्टी के बर्तन बनाते हैं सकुन पत्नी पर मोल ने बताया कि वह लोग पूरे साल भर मिट्टी के बर्तन का निर्माण करते है और गर्मियों में?800 से लेकर एक हजार रुपए तक की बिक्री हो जाती है तथा दूर-दूर से आकर लोग भर के लिए जाते हैं भगवान दास ने बताया कि यहां मिट्टी कॉफी महंगी मिलती है और एक ट्राली मिट्टी ?5000 में मिलती है और किसानों ने खेतों जलाऊ लकड़ी के पेड़ खरीद कर व्यवस्था करते हैं पूरा खर्चा काटकर साल भर में मात्र?50000 कमा पाते हैं और पूरा परिवार मिट्टी के बर्तन बनाने में लगे रहते हैं हमारे 90 परिवारों में किसी के पास जमीन नहीं है और मिट्टी के बर्तन बनाकर ही परिवार का भरण पोषण करते हैं।

# स्वयंसेवक समाज के विकास के लिए हमेशा रहता है तैयार: कुलपति

### सप्त दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन






**झाँसी।** इकाई द्वितीय और पंचम राष्ट्रीय सेवा योजना बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन आज गाँधी सभागार में हुआ। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने अपने शिविर के अनुभव साँझा किए और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। इसके साथ ही साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित छायांकन प्रदर्शनी वामिका 3.0 कैटलाग का विमोचन किया गया।

समापन अवसर पर आयोजित रैली का शुभारम्भ करते हुए कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय ने कहा कि एक स्वयंसेवक समाज के विकास के लिए हमेशा तैयार रहता है। वह समाज को दिशा दिखाने और उन्नति के मार्ग पर ले जाने का प्रयास करता है। प्रो. पाण्डेय ने कहा कि सात दिनों तक शिविर में जो सीखा है उसे आम लोगों तक पहुँचाना स्वयंसेवकों की जिम्मेदारी है। स्वयंसेवक यहाँ से प्राप्त जानकारी और ज्ञान को समाज तक ले जाने के वाहक है।

राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक एवं कुलसचिव बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय विनय कुमार सिंह ने कहा कि स्वयंसेवक को अपने मिले प्रमाण पत्र की प्रमाणिकता को सिद्ध करना चाहिए। यह सात दिन की आपकी मेहनत है और आगे आपको इसको सही सिद्ध करना है। उन्होंने कहा कि ?रवरी और मार्च के महीने में विश्वविद्यालय परिसर के साथ ही साथ महाविद्यालयों में भी विशेष शिविर का आयोजन किया गया है।

गाँधी सभागार में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में परीक्षा नियंत्रक राजबहादुर ने कहा कि शिविर में प्रतिभाग करने से स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व में निखार आता है। सात दिनों तक अनेक प्रकार की गतिविधियों और चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने के बाद स्वयंसेवक समाज के हित के लिए तैयार हो जाता है।

सप्त दिवसीय विशेष शिविर की आख्या प्रस्तुत करते हुए वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी इकाई द्वितीय डॉ. श्वेता पाण्डेय ने बताया कि इस शिविर का शुभारम्भ 04 मार्च 2025 को पालर गाँव में किया गया था। यह शिविर 10 मार्च 2025 तक आयोजित किया गया। वहां पर स्वयंसेवकों ने स्वच्छता, नशा मुक्ति, दहे? उन्मूलन, मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक किया. बौद्धिक सत्रों में स्वयंसेवकों को भारतीय सेना की गतिविधियों, अनुशासन और पुलिस प्रशासन के कार्यवाहियों को जानने का अवसर मिला।

इस अवसर पर सहायक कुलसचिव रविन्द्र शर्मा, डॉ. प्रशांत मिश्र, डॉ. अजय कुमार गुप्ता, दिलीप कुमार,गजेंद्र सिंह, डॉ. संदीप वर्मा, डॉ. ॠतु , डॉ. रेखा शर्मा, डॉ. अंकिता शर्मा, डॉ. संतोष कुमार, रेखा आर्या, डॉ. ॠतु शर्मा, डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. रविश्रृंग ॠषि, डॉ. अभिषेक शुक्ला, डॉ. रुचि पाठक, डॉ. वंशिका त्रिमानी, डॉ. धर्मेंद्र परिहार एवं अन्य उपस्थित रहे।

# लेफ्टिनेंट बनने पर प्रथम गृह आगमन पर फूल माला मिष्ठान खिलाकर क्षेत्रवासियों ने किया जोरदार स्वागत



**समथर।** -क्षेत्र के ग्राम साकिन के निवासी शिव प्रताप सिंह गुर्जर अध्यापक उर्फ बंटू के सुपुत्र शिवाजी गुर्जर के द्वारा भारतीय सेना में ऑफिसर ट्रेनिंग अकैडमी चेन्नई तमिलनाडु से पूर्ण कर लेफ्टिनेंट बनने पर प्रथम बार अपने गृह ग्राम साकिन आगमन पर कस्वा समथर नगर के पहाड़पुरा नाका पर सैकड़ों नगर वासियों एवं क्षेत्र वासियों ने लेफ्टिनेंट शिवाजी गुर्जर का तिलक माल्यार्पण एवं मिष्ठान खिला कर खुशी जाहिर करते हुये भव्य स्वागत किया। लेफ्टिनेंट शिवाजी गुर्जर का अपने ग्राम साकिन में पहुंचने पर ग्राम वासियों ने जगह-जगह फूल माला पहनाकर एवं मिष्ठान खिला कर स्वागत किया, लेफ्टिनेंट शिवाजी गुर्जर के घर पहुंचने पर भा ज पा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा शिवेंद्र प्रताप सिंह शैली,जगतपाल सिंह,अजयपाल सिंह ने मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया। उक्त अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष लालता प्रसाद पांचाल, दिग्विजय सिंह करही, मनमोहन सिंह, रामकृष्ण सिंह,महेंद्र सिंह टोरी,अवधेश अग्रवाल,यशपाल सिंह,पार्षद रणवीर सिंह, पार्षद प्रतिनिधि समीर नीखरा, राजीव गुर्जर,नीटू,रविंद्र गुप्ता,बल्लन, सुरेंद्र सिंह,,मुकेश शर्मा,लोहागढ़ प्रधान रामकृपाल सिंह, पूर्व प्रधान साकिन कन्हैया,अरुण कुमार सिंह,मानवेंद्र सिंह अटा,रामरूप सिंह मास्टर, प्रतिपाल सिंह, भोले सिंह, शिशुपाल सिंह पीपरी, रामजी सहाव, मोहित सूबेदार, कुलदीप कुदइया, प्रतिपाल सिंह,रामकिकंर सिंह, रुद्रप्रताप पहाड़पुरा, सेवा निवृत बीएसएफ बलराम पाल, रोहित सिंह अध्यापक, सत्यम, सिद्धू गुर्जर, दीपांशु सिंह, आशीष व्यास, बृजमोहन प्रोत, नरेंद्र साहू, श्याम बिहारी साहू,अतुल, रामजी कुरेले, विक्रम सिंह, सानू सोनी, सुपेंद्र गुप्ता, ॠषभ लक्ष्यकार, रहीस खान, वसीम खान, जाहिद खान, सुमित गुप्ता, शिवम गुप्ता कोंच, मोहित शर्मा,मानवेन्द्र सिंह, ध्रुव गुर्जर सहित बहुत से लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षकों के मध्य क्रिकेट और बैंडमिंटन प्रतियोगिता का किया आयोजन



**झांसी।** अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के विभिन्न शिक्षकों के मध्य क्रिकेट और बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की गई क्रिकेट प्रतियोगिता में दो टीमों के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। प्रथम टीम डायरेक्टर प्रो डीके भट्ट और दूसरी टीम डीन प्रो एम एम सिंह की टीम के मध्य क्रिकेट खेला गया जिसमें डीन प्रो एम एम सिंह की टीम विजय रही द्य प्रशांत सोलंकी ने नाबाद 78 रन की पारी खेल कर टीम को विजयी बनाया।

दूसरी प्रतियोगिता बैडमिंटन की आयोजित की गई जिसमें शिक्षक और शिक्षिकाओं दोनों ने भाग लिया जिसमें पुरुष वर्ग में श्री प्रशांत सोलंकी विजयी रहे और उपविजेता डॉ सत्येंद्र उपाध्याय रहे और महिला वर्ग में इंजीनियर श्रद्धा त्रिपाठी विजयी रही और उपविजेता डॉक्टर शुभांगी निगम रही। अभियांत्रिकी में नव रचित स्पोर्ट्स क्लब जिसके समन्वयक डॉ सत्येंद्र उपाध्याय है उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु डायरेक्टर और डीन को धन्यवाद करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

# शिक्षक, अभिभावक बैठक एवं शारदा संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित



**गरौठा।** प्राथमिक विद्यालय गरौठा खुर्द मे शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक एवं शारदा संगोष्ठी का आयोजन धूम धाम से किया गया। बैठक में बालक बालिकाओं को तनाव मुक्त रखने एवं अच्छी शिक्षा की तैयारी के लिए प्रेरित करने के लिए संवाद किया गया जिसमें बच्चों की प्रगति को अभिभावकों के समक्ष रखा गया एवं शिक्षकों ने अभिभावकों को बच्चों की शैक्षणिक स्थिति से अवगत कराया।वही नगर पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा द्वारा बच्चों को पुरस्कार रिपोर्ट कार्ड वितरण किये गए एवं उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए बच्चों को शिक्षा के बारे में जानकारियां दी। इस मौके पर कौशल किशोर मिश्रा ,राजकुमार,बृजकिशोर सोनी, मासूम खान राजेश खान बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक एवं प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका मिथिलेश सिंह विनीता रावत मौके पर उपस्थिति रही।

# शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया




**समथर।** प्राथमिक विद्यालय बहादुरपुर में 10,3,2025 को शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान अमर सिंह कुशवाहा एवं बृजेश शाक्य बुथ अध्यक्ष उपस्थित रहे बच्चों ने नृत्य व नाटकों से सबका मन मोह लिया इस अवसर इस अवसर पर आए हुए समस्त अभिभावकों द्वारा एवं गणमान्य नागरिकों को नागरिकों के द्वारा बच्चों का मनोबल बढ़ाया गया सभी बच्चों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण के किए गए एवं आए हुए सभी अभिभावकों को स्वल्पाहार वितरण किया गया मुख्य अतिथियों को माला पहनकर सम्मान किया गया विद्यालय में अशोक कुमार शर्मा रोहित सिंह मीनू वर्मा साह अध्यापक, अशोक कुमार शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया जिसमें स्कूल स्टाफ ब ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# सर्वाधिक उपस्थित दर्ज कराने वाले छात्रों को किया सम्मानित

**गुरसरांय।** 10 मार्च सोमवार को कंपोजिट विद्यालय नागर में मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया।जिसका शुभारंभ ग्राम प्रधान नागर अनुज कुमार द्विवेदी ने किया सर्वप्रथम बैठक का एजेंडा अभिभावकों के मध्य रखा गया और सभी अभिभावकों का विद्यालय में स्वागत किया गया। इसके बाद नए सत्र से संबंधित जानकारी सभी के मध्य रखी गई। कार्यक्रम में आगे पूरे शैक्षिक वर्ष में सर्वाधिक उपस्थित दर्ज करने वाले पांच छात्रों को सम्मानित किया गया तथा डीबीटी का सही से प्रयोग करने वाले पांच छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया और उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया।इस मौके पर ग्राम प्रधान अनुज कुमार द्विवेदी ने कहा आज की मीटिंग अध्यापक अभिभावक और छात्रों के बीच तालमेल मिलाने के लिए रखी गई इसलिए प्रत्येक अभिभावक की जिम्मेदारी है हमें अपने बच्चों के प्रति हमेशा सजाग्य रहना चाहिए और उन पर ध्यान देना चाहिए।मेरा बच्चा क्या कर रहा है क्या पढ़ रहा है क्या खा रहा है किसकी संगत में है कही गलत दिशा में तो नहीं जा रहा है उसे सही दिशा में ले जाना आपकी जिम्मेदारी है बच्चों को पालना एक संघर्ष भरी कहानी होती है जो इस संघर्ष को कर्तव्य समझकर निभाता है उसका आगे का जीवन सुखमय होता है।इस मौके पर अध्यापक अजय परिहार,सुधीर मोदी,शिक्षा मित्र धन प्रसाद चौधरी सहित गांव के गणमान्य नागरिक व अभिभावक उपस्थित रहे अंत में सुधीर मोदी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### होली के तैयारियां हुई पूरी सज गई रंग गुलालों की दुकानें

**मऊरानीपुर।** होली के आगमन में कुछ घंटो का समय बाकी बचा हुआ है पर होली की तैयारीयां काफी पहले से शुरू हो गई है नगर के हर मोहल्ले में होलिका दहन की तैयारियां पूरी कर ली गई है लकडियां डाल दी गई है झाड़ियां लगाई जा चुकी है इस बार होलिकात्सव में किशोर बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं रंग गुलाल की दुकानें पूरी तरह से सज चुकी है पिचकारियों की खरीद फरोक्त बच्चों ने शुरू कर दी है युवक अभी से होली पर पार्टीयां मनाने की तैयारियों में जुट गए हैं कुल्फी आइसक्रीम व मिठाइयों में भांग का उपयोग होना शुरू हो गया है प्रशासन ने होली पर सतर्कता वरर्तनी शुरू कर दी है नगर वासियों से भी अपील की गई है कि वे अच्छे रंगों व गुललों का उपयोग करें कीचड़ सिंथेटिक रंगों रफेता मोवीऑयल की होली खेलने से बचें किसी भी व्यक्ति को उसके मर्जी के खिलाफ रंग न लगाएं नगर वासियों ने होली के मौके पर शंकर जी की बारात निकाले जाने की तैयारियां शुरू कर दी है होली पर्व के पूर्व ही होली का माहौल शुरू हो गया है होली की तैयारियां को देखते ही इस बार की होली के काफी उत्साह जनक होने की संभावना की जा रही है।

# ई-रिक्शा चालक की मौत पर सियासी भूचाल, सपा ने सरकार पर साधा निशाना

**चित्रकूट।** जिले में ई-रिक्शा चालक फूलचंद जायसवाल की आत्महत्या ने प्रदेश की राजनीति में भूचाल ला दिया है। शुरू से ही सत्ता पक्ष के नेता पीड़ित परिवार से दूरी बनाए रहे क्योंकि पीडित गरीब और लाचार था। कहने को तो सत्ताधारी दल के दो-दो मंत्री चित्रकूट आए, लेकिन अफसोस किसी ने गरीब फूलचंद के घर जाने की जरूरत नहीं समझी।

सपाइयों ने आरोप लगाया कि चित्रकूट में गरीब ई-रिक्शा चालक फूलचंद जायसवाल की आत्महत्या ने न केवल प्रशासनिक भ्रष्टाचार को उजागर किया, बल्कि सत्ता की बेरुखी का भी काला सच सामने ला दिया। आगे कहा कि जिस प्रदेश सरकार के मंत्री जनता के सेवक होने का दावा करते हैं, उसी सरकार के दो मंत्री चित्रकूट दौरे पर आए, लेकिन किसी ने भी गरीब फूलचंद के घर जाने की जरूरत नहीं समझी। वजह साफ थी- फूलचंद कोई रसूखदार नहीं था, वह एक गरीब रिक्शा चालक था, जिसे भ्रष्ट अधिकारियों ने इस कदर मानसिक प्रताड़ना दी कि उसने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।

समाजवादी पार्टी ने इसे सरकार की गरीब-विरोधी नीति का प्रतीक बताते हुए भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव कर एआरटीओ व पीटीओ के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने और उन्हें तत्काल निलंबित करने की मांग की। धरना प्रदर्शन में सपाइयों का आक्रोश चरम पर दिखा। भ्रष्टाचारियों को जेल भेजो, गरीब के हत्यारों को सजा दो। भाजपा सरकार मुर्दाबाद जैसे नारे प्रशासनिक गलियारों में गूंजते रहे। सपा नेताओं ने सरकार पर आरोप लगाया कि भाजपा के शासन में गरीबों का जीना दूभर हो गया है। धरने में प्रमुख रूप से डॉ निर्भय सिंह पटेल, बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मान सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव, मोहम्मद गुलाब खां, सूरज सिंह पटेल, अमर पटेल, लवलेश यादव, अजय यादव, रामकिशोर कुरील, राजा यादव सहित सैकड़ों सपाई शामिल रहे। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष का पक्ष जानने की कोशिश की गई पर बात नही हो सकी।

### होली से पहले खाद्य सुरक्षा टीम की बड़ी कार्रवाई

**चित्रकूट।** होली पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने विशेष अभियान चलाकर मिलावटी व अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0 लखनऊ एवं डीएम चित्रकूट के आदेश पर सहायक आयुक्त (खाद्य) सुश्री प्रियंका सिंह के निर्देश पर 6 मार्च से 9 मार्च 2025 तक कर्वी, राजापुर, मऊ और मानिकपुर में अभियान चलाया गया। जिसमे कुल 30 नमूने संग्रहित किए गए तथा 366 किग्रा कचरी, 448 किग्रा साबूदाना सीज किया गया। वहीं, 18 किग्रा मिल्क केक, 7 किग्रा कलाकंद व 91 किग्रा खोवा अस्वास्थ्यकर पाए जाने पर मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। जाँच के लिए लिए गए नमूनों में पनीर, सूजी, मिल्क केक, खोवा, मसाला मटर, बेसन, मैदा, देशी घी, वनस्पति घी, चाय, सरसों का तेल, लड्डू, बर्फी और चिप्स शामिल हैं। खाद्य सुरक्षा टीम ने दुकानों, मिष्ठान भंडारों और किराना स्टोर्स पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जाँच की। बरगड़, मऊ, कर्वी और अन्य क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में मिलावटी और खराब गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थों की बरामदगी हुई।

# नाटो से निकला अमेरिका तो कम होगा दबदवा, रक्षा उद्योग होगा अपंग

## चीन और रुस के करीब जा सकता है यूरोप

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आने के बाद नाटो के भविष्य पर सवाल उठ रहे हैं। ट्रंप के सबसे करीबी एलन मस्क ने हाल ही में नाटो और यूएन से निकलने का समर्थन किया था। गौरतलब है कि मस्क अकेले व्यक्ति नहीं हैं जो नाटो से निकलने की बात करते हैं। ट्रंप की पार्टी के कई सांसद भी संगठन से निकलने का समर्थन करते हैं। ट्रंप भी नाटो के यूरोपीय सदस्यों पर बजट का हिस्सा न देने का आरोप लगाकर भड़कते रहे हैं। अब सवाल है कि क्या ट्रंप नाटो छोड़ सकते हैं और अगर ऐसा होता है तब अमेरिका और दुनिया पर क्या असर होगा?

नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गनाइजेशन (नाटो) की स्थापना 4 अप्रैल 1949 को हुई थी। अमेरिका के नेतृत्व में नॉटो को सोवियत संघ (यूएसएसआर) के बढ़ते प्रभाव और साम्यवाद के प्रसार को रोकने के लिए बनाया गया था। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, अमेरिका और पश्चिमी यूरोप के देशों को डर था कि सोवियत संघ यूरोप में अपना प्रभुत्व बढ़ा सकता है।

लेकिन नाटो से बाहर निकलना अमेरिका के लिए आसान नहीं है। साल 2023 में सीनेटर टिम केन और मार्को रुबियो ने कानून लिखा, जिसमें कहा गया कि नाटो से निकलने का किसी भी राष्ट्रपति का निर्णय या तब दो-तिहाई सीनेट की मंजूरी या कांग्रेस के एक अधिनियम के जरिए अधिकृत होना चाहिए। 2024 में इस नियम को पारित किया गया। यह कानून राष्ट्रपति की ओर से एकतरफा फैसले को रोकता है। हालांकि कई जानकार कहते हैं कि कानून पूरी तरह ठोस नहीं है और अमेरिकी राष्ट्रपति इस कानून को दरकिनार कर सकते हैं। भले ही नाटो से निकलना अमेरिका के लिए मुश्किल है। लेकिन एक वक्त के लिए मान लेते हैं कि मस्क का मंसूबा कामयाब हो जाता है। तब दुनिया पर क्या असर होगा?

अगर अमेरिका नाटो से बाहर निकलता है, तब यह न केवल यूरोप के लिए बल्कि अमेरिका के लिए भी मुश्किलें खड़ी करेगा। अमेरिका नाटो की रीढ़ है, जो सबसे ज्यादा सैनिक, हथियार और धन मुहैया कराता है। अमेरिका के बिना नाटो किसी काम का नहीं रहेगा। रूस सीधे नाटो से भिड़ जाएगा। अमेरिकी यूनिवर्सिटी के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रोफेसर और नाटो पर कई किताबों के लेखक का कहना है कि इसके परिणाम अराजक हो सकते है।



हेम्बर्ग में जर्मन एयरपोर्ट पर हड़ताल के कारण चारों ओर सन्नाटा नजर आ रहा।

# नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने ट्रंप को सुना दी खरी-खरी, कनाडा कभी भी नहीं बनेगा अमेरिका का हिस्सा

**ओटावा।** कनाडा के नवनियुक्त प्रधानमंत्री मार्क कार्नी पद संभालते ही सबसे पहले डोनाल्ड ट्रंप पर आग उगाते दिखाई दिए। अमेरिका राष्ट्रपति का नाम लिए बिना उन्होंने स्पष्ट किया है कि कनाडा कभी भी अमेरिका का हिस्सा बनना कबूल नहीं करेगा। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप जबसे सत्ता में आए हैं, वे कनाडा पर हमलावर हैं। पहले उन्होंने टैरिफ की धमकी दी और अब उनका कहना है कि अमेरिका और कनाडा के बीच की सीमा का पुनर्निर्धारण होना चाहिए। जस्टिन ट्रूडो पर उनकी ही पार्टी के अविश्वास के बाद अब अर्थव्यवस्था के जानकार और ट्रूडो सरकार में ही मंत्री रहे चुके मार्क कार्नी को प्रधानमंत्री बनाया है।



कार्नी ने कहा कि लिबरल पार्टी एकजुट है और कनाडा के हित में पहले ही की तरह काम करने को तैयार है। कार्नी ने अपने पहले ही भाषण ट्रंप का नाम लिया बिना कहा कि देश को दुनिया का महान देश बनाया है और अब पड़ोसी चाहता है कि इसपर कब्जा कर ले। यह कभी नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, अमेरिका हमारे संसाधनों का दोहन करना चाहता है। अमेरिका को हमारे पानी, भूमि और देश की जरूरत है। अगर वे सफल हो गए तब हम खत्म हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका एक संस्कृति को खत्म करने वाले पड़ाव पर आ खड़ा हुआ है। वहीं कनाडा विविधता का सम्मान करता है। कनाडा किसी भी रूप में अमेरिका का हिस्सा नहीं हो सकता।

बात दें कि कार्नी 'बैंक ऑफ कनाडा' के पूर्व प्रमुख हैं और 'बैंक ऑफ इंग्लैंड' में अहम पद पर सेवाएं दे चुके हैं, कहा जाता हैं कि इन अहम पदों पर रहने के कारण वह देश को आर्थिक चुनौतियों से बाहर निकालने में सफल रह सकते है। कार्नी ने कहा, 'कोई है जो हमारी अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है।' उनका सीधा इशारा ट्रंप की तरफ था।

उन्होंने कहा, 'जैसा कि हम जानते हैं ट्रंप ने हमारे द्वारा बनाए गए उत्पादों, हमारे द्वारा बेची जाने वाली वस्तुओं और हमारे जीवनयापन के साधनों पर अनुचित शुल्क लगा दिए हैं। वह कनाडाई परिवारों, श्रमिकों और व्यवसायों पर हमला कर रहे हैं लेकिन हम उन्हें सफल नहीं होने दे सकते।' कार्नी ने कहा कि कनाडा तब तक जवाबी शुल्क लागू रखेगा जब तक अमेरिकी शुल्क को जारी रखता है।

# स्पेनिश पुलिस ने एक महिला सहित 11 पाकिस्तानी कट्टरपंथियों को गिरफ्तार किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने जो कट्टरपंथ और आतंकवाद का जहरीला पौधा कभी रोपा था, वह अब एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है, जो धीरे-धीरे पूरी दुनिया को अपनी चपेट में लेता जा रहा है। यह आतंकवादी संगठन न केवल पाकिस्तान को अस्थिर कर रहे हैं, बल्कि अब विदेशों में भी कोहराम मचा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला स्पेन में सामने आया है, जहां बार्सिलोना पुलिस ने एक महिला सहित 11 पाकिस्तानी कट्टरपंथियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों से सूचना मिली थी कि यूरोप और स्पेन में कुछ बड़े लोगों पर हमले की साजिश रची जा रही है।

इसके बाद स्पेनिश सुरक्षा एजेंसियों ने दो जगहों पर छापेमारी की और एक महिला सहित 11 लोगों को गिरफ्तार किया। ये सभी पाकिस्तान के कट्टरपंथी संगठन 'तहरीक-ए-लब्बैक' से जुड़े हुए हैं। पूछताछ में सामने आया हैं कि यह कट्टरपंथी संगठन ईशनिंदा के आरोपों को लेकर यूरोप और स्पेन में कई लोगों पर घातक हमले की योजना बना रहा था। इन हमलों का महिमामंडन करने की तैयारी भी चल रही थी।

इस मामले में गिरफ्तार महिला, जिसका नाम कुलसुम बताया गया है, ने 'टीएलपी सिस्टर्स' नाम से एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया था। ग्रुप में 40 लोग शामिल थे। ग्रुप में इस बात की डिटेल शेयर की जा रही थी कि आखिर हमला किसपर करना है और कब करना है? इस ग्रुप पर हमलों की योजना, तरीके और समय के बारे में जानकारी साझा की जा रही थी। स्पेनिश पुलिस के मुताबिक 38 साल की कुलसुम का पति पहले से ही जेल में है। पुलिस ने उनके ठिकानों से नकदी, हथियार और अन्य सामान बरामद किया है। यह घटना पाकिस्तानी कट्टरपंथियों की वैश्विक पहुंच और उनकी खतरनाक योजनाओं को उजागर करती है।

## नौ देशों के पास 12000 एटम बम

**न्यूयॉर्क।** फेडरेशन ऑफ़ अमेरिकन साइंटिस्ट की रिपोर्ट के अनुसार नौ देशों के पास 12000 से अधिक एटम बम है। जिस तरह की स्थितियां वैश्विक स्तर पर बन रही हैं। उसके बाद घातक हथियारों को लेकर सारे देश एक दूसरे के बारे में जानने का प्रयास कर रहे हैं। यदि तृतीय विश्व युद्ध हुआ,तो किस तरह के हालात होंगे। सबसे ज्यादा एटम बम का हथियार रूस के पास है। रूस के पास 5044, अमेरिका के पास 500 चीन के पास 290 फ्रांस के पास 225 ब्रिटेन के पास 172 भारत के पास 170 पाकिस्तान के पास 90 इजरायल और उत्तर कोरिया के पास 50-50 एटम बम अधिकृत रूप से स्टोर में रखे होना बताया गया है। रूस ने 1710 और अमेरिका ने 1670 फ्रांस ने 290 परमाणु हथियारों को पहले से ही तैनात करके रखा है। भारत-पाकिस्तान और उत्तर कोरिया ने एटमी हथियार तैयार कर स्टोर में रखे हुए हैं।

## आज का इतिहास 11 मार्च

1399 तैमूर ने वापसी में दिल्ली सहित पूरे उत्तर भारत में लूट पाट की.

1845 न्यूजीलैंड में माओरी विद्रोह भड़का.

1917 प्रथम विश्व युद्ध में ब्रिटिश फौजों ने बगदाद पर कब्जा किया.

1920 अमीर फैजल सीरिया के शासक बने.

1921 फ्रांस ने तुर्की के साथ संधि कर सिलेसिया पर अपना दावा छोड़ा.

1938 जर्मन फौजें आस्ट्रिया पहुंची.

1944 क्रिश्चियन डेमोक्रेट एडुअर्ड फ्रेई ने चिली के राष्ट्रपति का कार्यभार संभाला.

1948 प्रथम आधुनिक जहाज जलउषा का जलावतरण किया गया.

1963 चितरंजन रेल कारखाने से पहला इंजिन बनकर बाहर निकला.

1975 द्वितीय विश्व युद्ध में ट्यूनिसिया पर जर्मनी के जवाबी हमले को ब्रिटेन ने नाकाम कर दिया.

1975 पुर्तगाल में सैन्य शासन को पलटने की नाकाम कोशिश हुई.

1987 सूडान प्रायोजित चाड और लीबिया शांति वार्ता टूट गई.

1988 चीन ने तिब्बती विद्रोहियों को समर्पण करने की चेतावनी दी.

1997 बासिक मफिनो अल्बानिया के प्रधानमंत्री बने.

2000 बिहार में राजद की नेता राबड़ी देवी ने 36 वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली.

2001भारत के पुलेला गोपीचंद ने आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैम्पियनशिप जीतनेवाले दूसरे खिलाड़ी बनें.

2001 क्रिकेटर हरभजन ने कोलकता में हुए टेस्ट मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ हैट्रिक बनाई.

2005 लक्ष्मी मित्तल विश्व के तीसरे सबसे बड़े अमीर व्यक्ति बने.

## प्रसंगत: जनकल्याण की राह

एक बार अयोध्या के राजा रघु के दरबार में इस प्रश्न पर बहस चल रही थी कि राजकोष का उपयोग किन प्रयोजनों के लिए किया जाए? एक पक्ष का मत था कि सैन्य शक्ति बढ़ाई जाए ताकि न केवल अपनी सुरक्षा हो बल्कि राज्य के विस्तार की योजना भी आगे बढ़े। इस अभियान पर जो खर्च होगा उसकी भरपाई पराजित देशों से मिलने वाले संसाधनों से की जा सकेगी। दूसरे पक्ष का कहना था कि राजकोष प्रजा जन के हित में खर्च किया जाए ताकि उनका जीवन स्तर बढ़ सके। अगर सुखी, संतुष्ट, साहसी और सहृदय नागरिक हों तो देश समृद्ध होता है। इस प्रकार युद्ध करके नए क्षेत्र जीतने की अपेक्षा मैत्री का विस्तार कहीं अधिक लाभदायक है। उससे स्वेच्छया सहयोग और अपनत्व की ऐसी उपलब्धियां प्राप्त होती हैं, जिनके कारण छोटा देश भी चक्रवर्ती स्तर का बन सकता है। दोनों पक्षों के तर्क चलते रहे। सबके मन में उत्सुकता थी कि आखिर राजा रघु क्या निर्णय देते हैं। जब सबने अपनी बात समाप्त की तब उन्होंने कहा, 'युद्ध पीढ़ियों से लड़े जाते रहे हैं। उनके कड़वे-मीठे परिणाम भी स्मृति पटल पर अंकित हैं। लेकिन इस बार युद्ध छोड़ दिया जाए और लोकमंगल को अपनाया जाए। देखते हैं क्या होता है। समस्त संपत्ति जनकल्याण की योजनाओं पर खर्च कर दी जाए।' कुछ सभासद दबे-छुपे इस निर्णय की आलोचना करने लगे। उन्हें अनिष्ट की आशंका सताने लगी। उधर रघु के निर्णय के मुताबिक विकास योजनाएं तेज कर दी गईं। धीरे-धीरे प्रजाजन हर दृष्टि से समुन्नत हो गए। आक्रमण की चर्चाएं समाप्त हो गई। सुख-शांति के समाचार पाकर अन्य देशों के समर्थ लोग वहां आकर बसने लगे। बंजर भूमि सोना उगलने लगी और अयोध्या में खुशहाली फैल गई।

## दैनिक पंचांग

**11 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.27 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | मेष | 07.57 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृष | 09.37 बजे से |
| बुध | मीन में | मिथुन | 11.36 बजे से |
| गुरु | वृष में | कर्क | 13.49 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.05 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 18.17 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 20.28 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 22.42 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 00.58 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | मकर | 03.04 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 04.50 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 70 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** द्वादशी 08.15 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** आश्लेषा 02.16 बजे रात्र को समाप्त। **योग** अतिगण्ड 13.18 बजे को समाप्त। **करण** बालव 08.15 बजे तदनन्तर कौलव 20.40 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 11.0 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 03° 42' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872280 **जूलियन दिन** 2460745.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रमजान **तारीख** 10 **विशेष** प्रदोष व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## राशिफल

शुभ संवत 2081, शाके 1946, सौम्य गोष्ठ, फाल्गुन शुक्ल पक्ष, शिशिर ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पश्चिम तिथि द्वादशी, मंगलवासरे, अश्लेषा नक्षत्रे, अतिगंड योगे, वालव करणे, कर्क की चंद्रमा, प्रदोष व्रत सर्वार्थ सिद्ध योग 50/58 उग्रकर्म मुर्हूत तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल........

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, उत्तम वृत्ति वाला, योगी-भोगी, शिक्षक, लेक्चरार, प्रोफेसर, सेक्शन ऑफिसर, धनी होगा।




**मेष राशि:** कार्य-कुशलता से संतोष तथा मनोबल उत्सावर्धक होगा, कार्य का ध्यान रखें।

**वृष राशि:** स्वभाव में खिन्नता होने से हीन भावना से बचिये अन्यथा झगड़ा होगा।

**मिथुन राशि:** अशांति तथा विलासिता से बचिये तथा विवाद होने की संभावना है सावधान रहें।

**कर्क राशि:** स्त्री वर्ग से भोग-ऐश्वर्य की प्राप्ति होगी, रुके कार्यो से परेशानी होगी, धैर्य रखें।

**सिंह राशि:** आलोचनाओं से बचिये, कार्य-कुशलता से संतोष होगा, समय का ध्यान रखें।

**कन्या राशि:** धीमी गति में सुधार अपेक्षित होगा तथा सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**तुला राशि:** स्त्री वर्ग से हर्ष-उल्लास, शत्रु वर्ग से चिन्ता होगी, कुटुम्ब की समस्यायें खत्म होंगी।

**वृश्चिक राशि:** योजना फलीभूत होगी तथा इष्ट मित्र सुखवर्धक होगा, कार्य अवरोध होगा।

**धनु राशि:** मित्रों से सहयोग मिलेगा, रुके कार्य बनेंगे, अधिकारियों का सहयोग मिलेगा।

**मकर राशि:** कुटुम्ब में सुख, मान-प्रतिष्ठा बड़ेगी, बड़े-बड़े लोगों से मेल-मिलाप होगा।

**कुंभ राशि:** भाग्य का सितारा प्रबल होगा, दैनिक गति मंद तथा बिगड़े कार्य अवश्य बनेंगे।

**मीन राशि:** कार्य व्यवस्था में अनुकूलता बनेगी, समृद्धि के साधन अवश्य बनेंगे।

पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

# चाबहार पोर्ट के करीब पहुंच रहे ईरान, चीन और रुस के बेड़े

## ओमान की खाडी में होने जा रहा संयुक्त नौसैनिक अभ्यास

**चाबहार।** ईरान का चाबहार पोर्ट भारत के लिए खास है। भारत इस ईरानी पोर्ट को अपने रणनीतिक और आर्थिक हितों के लिए विकसित कर रहा है। चाबहार पोर्ट इन दिनों फिर सुर्खियों में है। इस पोर्ट के पास ही ओमान की खाड़ी में एक अहम संयुक्त नौसैनिक अभ्यास होने जा रहा है। इस अभ्यास में चीन, ईरान और रूस के नौसेना समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने की कोशिश करेंगे।

यह अभ्यास ऐसे वक्त हो रहा है जब अमेरिका ने ईरान के खिलाफ 'मैक्सिमम प्रेशर' की धमकी दी है और चीन पर ईरान और उत्तर कोरिया को मदद देने के आरोपों के साथ नए प्रतिबंध लगाने की बात कही है। इस परिस्थिति में, चीन, रूस और ईरान के बीच हो रहे इस अभ्यास को लेकर वैश्विक रणनीतिक विश्लेषकों की चिंता जताई है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि ईरान आखिर चीन और रूस के साथ मिलकर क्या रणनीति बना रहा है?

चाबहार पोर्ट स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ और भारतीय महासागर के बीच स्थित है। यह एक समुद्री रास्ता है, जो कच्चे तेल की शिपिंग के लिए अहम है। इस लिहाज से, इस क्षेत्र में चीन, रूस और ईरान का सैन्य समागम वैश्विक सुरक्षा के संदर्भ में एक नई रणनीति का संकेत हो सकता है। चीन ने इस अभ्यास के लिए अपनी नौसेना के 47वें एस्कॉर्ट टास्क ग्रुप से बाओटौ नामक विध्वंसक और गाओयूहू नामक आपूर्ति जहाज भेजने का फैसला लिया है। बाओटौ एक गाइडेड मिसाइल विध्वंसक है, जबकि गाओयूहू आपूर्ति जहाज है। चीनी रक्षा मंत्रालय ने इस अभ्यास के उद्देश्य को ऊर्जा शिपिंग मार्गों की सुरक्षा में मदद करना बताया है, जो खाड़ी के अहम जलमार्गों के लिए जरूरी है। यह अभ्यास चीन, रूस और ईरान के बीच सैन्य सहयोग और आपसी विश्वास को और गहरा करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। यह अभ्यास 2019 के बाद इन देशों के बीच पांचवां संयुक्त नौसैनिक अभ्यास होगा।

## आतंकी संगठन होने के शक में बार्सिलोना पुलिस ने कई मस्जिदों में मारे छापे

**बार्सिलोना।** स्पेन के बार्सिलोना में बीती रात कई मस्जिदों पर आतंकवाद रोधी दस्ते ने छापेमारी की। सुरक्षाबलों ने यह कदम तब उठाया जब एक दिन पहले बार्सिलोना में ही 10 पाकिस्तानियों को आतंकवाद के आरोप में गिरफ्तार किया था। इन पर अपने विरोधियों की हत्या और सिर कलम करने के लिए उकसाने का आरोप है। जांच में पता चला कि संदिग्ध एक संगठित आपराधिक संगठन से जुड़े थे, जो मैसेजिंग ग्रुप के जरिए हिंसक आदेश जारी करते थे। बार्सिलोना में एक संगठन के खिलाफ एक बड़ा ऑपरेशन चलाया गया। पुलिस और इतालवी पुलिस के संयुक्त अभियान में बार्सिलोना में 10 और इतालवी शहर पियासेंज़ा में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक यह समूह बहुत ही संगठित और गुप्त था और मैसेजिंग ऐप के जरिए से विरोधियों के खिलाफ हिंसक संदेश फैलाने में शामिल था। कुछ व्यक्तियों ने यूरोप में विशिष्ट लोगों को संभावित लक्ष्य के रूप में पहचानना शुरू कर दिया था। इसके अलावा उनके पोस्ट में उन व्यक्तियों की तारीफ की गई थी जिन्होंने ईशनिंदा के आरोप में यूरोप और पाकिस्तान में हमले किए थे। जांच में यह भी पता चला कि गिरफ्तार महिलाओं में से एक के नेतृत्व वाले मैसेजिंग समूह में केवल महिलाएं ही शामिल थीं। जांच अधिकारियों ने पुष्टि की है कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति एक आतंकवादी संगठन से संबंधित हैं। गुरुवार 6 मार्च को, दस गिरफ्तार व्यक्तियों को केंद्रीय जांच न्यायालय संख्या 6 के समक्ष पेश किया गया।

# नाटो से निकला अमेरिका तो कम होगा दबदवा, रक्षा उद्योग होगा अपंग

## चीन और रुस के करीब जा सकता है यूरोप

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आने के बाद नाटो के भविष्य पर सवाल उठ रहे हैं। ट्रंप के सबसे करीबी एलन मस्क ने हाल ही में नाटो और यूएन से निकलने का समर्थन किया था। गौरतलब है कि मस्क अकेले व्यक्ति नहीं हैं जो नाटो से निकलने की बात करते हैं। ट्रंप की पार्टी के कई सांसद भी संगठन से निकलने का समर्थन करते हैं। ट्रंप भी नाटो के यूरोपीय सदस्यों पर बजट का हिस्सा न देने का आरोप लगाकर भड़कते रहे हैं। अब सवाल है कि क्या ट्रंप नाटो छोड़ सकते हैं और अगर ऐसा होता है तब अमेरिका और दुनिया पर क्या असर होगा?

नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गनाइजेशन (नाटो) की स्थापना 4 अप्रैल 1949 को हुई थी। अमेरिका के नेतृत्व में नॉटो को सोवियत संघ (यूएसएसआर) के बढ़ते प्रभाव और साम्यवाद के प्रसार को रोकने के लिए बनाया गया था। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, अमेरिका और पश्चिमी यूरोप के देशों को डर था कि सोवियत संघ यूरोप में अपना प्रभुत्व बढ़ा सकता है।

लेकिन नाटो से बाहर निकलना अमेरिका के लिए आसान नहीं है। साल 2023 में सीनेटर टिम केन और मार्को रुबियो ने कानून लिखा, जिसमें कहा गया कि नाटो से निकलने का किसी भी राष्ट्रपति का निर्णय या तब दो-तिहाई सीनेट की मंजूरी या कांग्रेस के एक अधिनियम के जरिए अधिकृत होना चाहिए। 2024 में इस नियम को पारित किया गया। यह कानून राष्ट्रपति की ओर से एकतरफा फैसले को रोकता है। हालांकि कई जानकार कहते हैं कि कानून पूरी तरह ठोस नहीं है और अमेरिकी राष्ट्रपति इस कानून को दरकिनार कर सकते हैं। भले ही नाटो से निकलना अमेरिका के लिए मुश्किल है। लेकिन एक वक्त के लिए मान लेते हैं कि मस्क का मंसूबा कामयाब हो जाता है। तब दुनिया पर क्या असर होगा?

अगर अमेरिका नाटो से बाहर निकलता है, तब यह न केवल यूरोप के लिए बल्कि अमेरिका के लिए भी मुश्किलें खड़ी करेगा। अमेरिका नाटो की रीढ़ है, जो सबसे ज्यादा सैनिक, हथियार और धन मुहैया कराता है। अमेरिका के बिना नाटो किसी काम का नहीं रहेगा। रूस सीधे नाटो से भिड़ जाएगा। अमेरिकी यूनिवर्सिटी के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रोफेसर और नाटो पर कई किताबों के लेखक का कहना है कि इसके परिणाम अराजक हो सकते है।



हेम्बर्ग में जर्मन एयरपोर्ट पर हड़ताल के कारण चारों ओर सन्नाटा नजर आ रहा।

# नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने ट्रंप को सुना दी खरी-खरी, कनाडा कभी भी नहीं बनेगा अमेरिका का हिस्सा

**ओटावा।** कनाडा के नवनियुक्त प्रधानमंत्री मार्क कार्नी पद संभालते ही सबसे पहले डोनाल्ड ट्रंप पर आग उगाते दिखाई दिए। अमेरिका राष्ट्रपति का नाम लिए बिना उन्होंने स्पष्ट किया है कि कनाडा कभी भी अमेरिका का हिस्सा बनना कबूल नहीं करेगा। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप जबसे सत्ता में आए हैं, वे कनाडा पर हमलावर हैं। पहले उन्होंने टैरिफ की धमकी दी और अब उनका कहना है कि अमेरिका और कनाडा के बीच की सीमा का पुनर्निर्धारण होना चाहिए। जस्टिन ट्रूडो पर उनकी ही पार्टी के अविश्वास के बाद अब अर्थव्यवस्था के जानकार और ट्रूडो सरकार में ही मंत्री रहे चुके मार्क कार्नी को प्रधानमंत्री बनाया है।



कार्नी ने कहा कि लिबरल पार्टी एकजुट है और कनाडा के हित में पहले ही की तरह काम करने को तैयार है। कार्नी ने अपने पहले ही भाषण ट्रंप का नाम लिया बिना कहा कि देश को दुनिया का महान देश बनाया है और अब पड़ोसी चाहता है कि इसपर कब्जा कर ले। यह कभी नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, अमेरिका हमारे संसाधनों का दोहन करना चाहता है। अमेरिका को हमारे पानी, भूमि और देश की जरूरत है। अगर वे सफल हो गए तब हम खत्म हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका एक संस्कृति को खत्म करने वाले पड़ाव पर आ खड़ा हुआ है। वहीं कनाडा विविधता का सम्मान करता है। कनाडा किसी भी रूप में अमेरिका का हिस्सा नहीं हो सकता।

बात दें कि कार्नी 'बैंक ऑफ कनाडा' के पूर्व प्रमुख हैं और 'बैंक ऑफ इंग्लैंड' में अहम पद पर सेवाएं दे चुके हैं, कहा जाता हैं कि इन अहम पदों पर रहने के कारण वह देश को आर्थिक चुनौतियों से बाहर निकालने में सफल रह सकते है। कार्नी ने कहा, 'कोई है जो हमारी अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है।' उनका सीधा इशारा ट्रंप की तरफ था।

उन्होंने कहा, 'जैसा कि हम जानते हैं ट्रंप ने हमारे द्वारा बनाए गए उत्पादों, हमारे द्वारा बेची जाने वाली वस्तुओं और हमारे जीवनयापन के साधनों पर अनुचित शुल्क लगा दिए हैं। वह कनाडाई परिवारों, श्रमिकों और व्यवसायों पर हमला कर रहे हैं लेकिन हम उन्हें सफल नहीं होने दे सकते।' कार्नी ने कहा कि कनाडा तब तक जवाबी शुल्क लागू रखेगा जब तक अमेरिकी शुल्क को जारी रखता है।

# स्पेनिश पुलिस ने एक महिला सहित 11 पाकिस्तानी कट्टरपंथियों को गिरफ्तार किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने जो कट्टरपंथ और आतंकवाद का जहरीला पौधा कभी रोपा था, वह अब एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है, जो धीरे-धीरे पूरी दुनिया को अपनी चपेट में लेता जा रहा है। यह आतंकवादी संगठन न केवल पाकिस्तान को अस्थिर कर रहे हैं, बल्कि अब विदेशों में भी कोहराम मचा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला स्पेन में सामने आया है, जहां बार्सिलोना पुलिस ने एक महिला सहित 11 पाकिस्तानी कट्टरपंथियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों से सूचना मिली थी कि यूरोप और स्पेन में कुछ बड़े लोगों पर हमले की साजिश रची जा रही है।

इसके बाद स्पेनिश सुरक्षा एजेंसियों ने दो जगहों पर छापेमारी की और एक महिला सहित 11 लोगों को गिरफ्तार किया। ये सभी पाकिस्तान के कट्टरपंथी संगठन 'तहरीक-ए-लब्बैक' से जुड़े हुए हैं। पूछताछ में सामने आया हैं कि यह कट्टरपंथी संगठन ईशनिंदा के आरोपों को लेकर यूरोप और स्पेन में कई लोगों पर घातक हमले की योजना बना रहा था। इन हमलों का महिमामंडन करने की तैयारी भी चल रही थी।

इस मामले में गिरफ्तार महिला, जिसका नाम कुलसुम बताया गया है, ने 'टीएलपी सिस्टर्स' नाम से एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया था। ग्रुप में 40 लोग शामिल थे। ग्रुप में इस बात की डिटेल शेयर की जा रही थी कि आखिर हमला किसपर करना है और कब करना है? इस ग्रुप पर हमलों की योजना, तरीके और समय के बारे में जानकारी साझा की जा रही थी। स्पेनिश पुलिस के मुताबिक 38 साल की कुलसुम का पति पहले से ही जेल में है। पुलिस ने उनके ठिकानों से नकदी, हथियार और अन्य सामान बरामद किया है। यह घटना पाकिस्तानी कट्टरपंथियों की वैश्विक पहुंच और उनकी खतरनाक योजनाओं को उजागर करती है।

## नौ देशों के पास 12000 एटम बम

**न्यूयॉर्क।** फेडरेशन ऑफ़ अमेरिकन साइंटिस्ट की रिपोर्ट के अनुसार नौ देशों के पास 12000 से अधिक एटम बम है। जिस तरह की स्थितियां वैश्विक स्तर पर बन रही हैं। उसके बाद घातक हथियारों को लेकर सारे देश एक दूसरे के बारे में जानने का प्रयास कर रहे हैं। यदि तृतीय विश्व युद्ध हुआ,तो किस तरह के हालात होंगे। सबसे ज्यादा एटम बम का हथियार रूस के पास है। रूस के पास 5044, अमेरिका के पास 500 चीन के पास 290 फ्रांस के पास 225 ब्रिटेन के पास 172 भारत के पास 170 पाकिस्तान के पास 90 इजरायल और उत्तर कोरिया के पास 50-50 एटम बम अधिकृत रूप से स्टोर में रखे होना बताया गया है। रूस ने 1710 और अमेरिका ने 1670 फ्रांस ने 290 परमाणु हथियारों को पहले से ही तैनात करके रखा है। भारत-पाकिस्तान और उत्तर कोरिया ने एटमी हथियार तैयार कर स्टोर में रखे हुए हैं।

## आज का इतिहास 11 मार्च

1399 तैमूर ने वापसी में दिल्ली सहित पूरे उत्तर भारत में लूट पाट की.

1845 न्यूजीलैंड में माओरी विद्रोह भड़का.

1917 प्रथम विश्व युद्ध में ब्रिटिश फौजों ने बगदाद पर कब्जा किया.

1920 अमीर फैजल सीरिया के शासक बने.

1921 फ्रांस ने तुर्की के साथ संधि कर सिलेसिया पर अपना दावा छोड़ा.

1938 जर्मन फौजें आस्ट्रिया पहुंची.

1944 क्रिश्चियन डेमोक्रेट एडुअर्ड फ्रेई ने चिली के राष्ट्रपति का कार्यभार संभाला.

1948 प्रथम आधुनिक जहाज जलउषा का जलावतरण किया गया.

1963 चितरंजन रेल कारखाने से पहला इंजिन बनकर बाहर निकला.

1975 द्वितीय विश्व युद्ध में ट्यूनिसिया पर जर्मनी के जवाबी हमले को ब्रिटेन ने नाकाम कर दिया.

1975 पुर्तगाल में सैन्य शासन को पलटने की नाकाम कोशिश हुई.

1987 सूडान प्रायोजित चाड और लीबिया शांति वार्ता टूट गई.

1988 चीन ने तिब्बती विद्रोहियों को समर्पण करने की चेतावनी दी.

1997 बासिक मफिनो अल्बानिया के प्रधानमंत्री बने.

2000 बिहार में राजद की नेता राबड़ी देवी ने 36 वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली.

2001भारत के पुलेला गोपीचंद ने आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैम्पियनशिप जीतनेवाले दूसरे खिलाड़ी बनें.

2001 क्रिकेटर हरभजन ने कोलकता में हुए टेस्ट मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ हैट्रिक बनाई.


2005 लक्ष्मी मित्तल विश्व के तीसरे सबसे बड़े अमीर व्यक्ति बने.

## प्रसंगत: जनकल्याण की राह

एक बार अयोध्या के राजा रघु के दरबार में इस प्रश्न पर बहस चल रही थी कि राजकोष का उपयोग किन प्रयोजनों के लिए किया जाए? एक पक्ष का मत था कि सैन्य शक्ति बढ़ाई जाए ताकि न केवल अपनी सुरक्षा हो बल्कि राज्य के विस्तार की योजना भी आगे बढ़े। इस अभियान पर जो खर्च होगा उसकी भरपाई पराजित देशों से मिलने वाले संसाधनों से की जा सकेगी। दूसरे पक्ष का कहना था कि राजकोष प्रजा जन के हित में खर्च किया जाए ताकि उनका जीवन स्तर बढ़ सके। अगर सुखी, संतुष्ट, साहसी और सहृदय नागरिक हों तो देश समृद्ध होता है। इस प्रकार युद्ध करके नए क्षेत्र जीतने की अपेक्षा मैत्री का विस्तार कहीं अधिक लाभदायक है। उससे स्वेच्छया सहयोग और अपनत्व की ऐसी उपलब्धियां प्राप्त होती हैं, जिनके कारण छोटा देश भी चक्रवर्ती स्तर का बन सकता है। दोनों पक्षों के तर्क चलते रहे। सबके मन में उत्सुकता थी कि आखिर राजा रघु क्या निर्णय देते हैं। जब सबने अपनी बात समाप्त की तब उन्होंने कहा, 'युद्ध पीढ़ियों से लड़े जाते रहे हैं। उनके कड़वे-मीठे परिणाम भी स्मृति पटल पर अंकित हैं। लेकिन इस बार युद्ध छोड़ दिया जाए और लोकमंगल को अपनाया जाए। देखते हैं क्या होता है। समस्त संपत्ति जनकल्याण की योजनाओं पर खर्च कर दी जाए।' कुछ सभासद दबे-छुपे इस निर्णय की आलोचना करने लगे। उन्हें अनिष्ट की आशंका सताने लगी। उधर रघु के निर्णय के मुताबिक विकास योजनाएं तेज कर दी गईं। धीरे-धीरे प्रजाजन हर दृष्टि से समुन्नत हो गए। आक्रमण की चर्चाएं समाप्त हो गई। सुख-शांति के समाचार पाकर अन्य देशों के समर्थ लोग वहां आकर बसने लगे। बंजर भूमि सोना उगलने लगी और अयोध्या में खुशहाली फैल गई।

## दैनिक पंचांग

**11 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.27 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | मेष | 07.57 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृष | 09.37 बजे से |
| बुध | मीन में | मिथुन | 11.36 बजे से |
| गुरु | वृष में | कर्क | 13.49 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.05 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 18.17 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 20.28 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 22.42 ब.से |
| **राहुकाल** | | धनु | 00.58 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | मकर | 03.04 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 04.50 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 70 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** द्वादशी 08.15 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** आश्लेषा 02.16 बजे रात्र को समाप्त। **योग** अतिगण्ड 13.18 बजे को समाप्त। **करण** बालव 08.15 बजे तदनन्तर कौलव 20.40 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 11.0 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 03° 42'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872280
**जूलियन दिन** 2460745.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रमजान
**तारीख** 10
**विशेष** प्रदोष व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## राशिफल

शुभ संवत 2081, शाके 1946, सौम्य गोष्ठ, फाल्गुन शुक्ल पक्ष, शिशिर ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पश्चिम तिथि द्वादशी, मंगलवासरे, अश्लेषा नक्षत्रे, अतिगंड योगे, वालव करणे, कर्क की चंद्रमा, प्रदोष व्रत सर्वार्थ सिद्ध योग 50/58 उग्रकर्म मुर्हूत तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल........

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, उत्तम वृत्ति वाला, योगी-भोगी, शिक्षक, लेक्चरार, प्रोफेसर, सेक्शन ऑफिसर, धनी होगा।




**मेष राशि:** कार्य-कुशलता से संतोष तथा मनोबल उत्सावर्धक होगा, कार्य का ध्यान रखें।

**वृष राशि:** स्वभाव में खिन्नता होने से हीन भावना से बचिये अन्यथा झगड़ा होगा।

**मिथुन राशि:** अशांति तथा विलासिता से बचिये तथा विवाद होने की संभावना है सावधान रहें।

**कर्क राशि:** स्त्री वर्ग से भोग-ऐश्वर्य की प्राप्ति होगी, रुके कार्यो से परेशानी होगी, धैर्य रखें।

**सिंह राशि:** आलोचनाओं से बचिये, कार्य-कुशलता से संतोष होगा, समय का ध्यान रखें।

**कन्या राशि:** धीमी गति में सुधार अपेक्षित होगा तथा सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**तुला राशि:** स्त्री वर्ग से हर्ष-उल्लास, शत्रु वर्ग से चिन्ता होगी, कुटुम्ब की समस्यायें खत्म होंगी।

**वृश्चिक राशि:** योजना फलीभूत होगी तथा इष्ट मित्र सुखवर्धक होगा, कार्य अवरोध होगा।

**धनु राशि:** मित्रों से सहयोग मिलेगा, रुके कार्य बनेंगे, अधिकारियों का सहयोग मिलेगा।

**मकर राशि:** कुटुम्ब में सुख, मान-प्रतिष्ठा बड़ेगी, बड़े-बड़े लोगों से मेल-मिलाप होगा।

**कुंभ राशि:** भाग्य का सितारा प्रबल होगा, दैनिक गति मंद तथा बिगड़े कार्य अवश्य बनेंगे।

**मीन राशि:** कार्य व्यवस्था में अनुकूलता बनेगी, समृद्धि के साधन अवश्य बनेंगे।

पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

# चाबहार पोर्ट के करीब पहुंच रहे ईरान, चीन और रुस के बेड़े

## ओमान की खाडी में होने जा रहा संयुक्त नौसैनिक अभ्यास

**चाबहार।** ईरान का चाबहार पोर्ट भारत के लिए खास है। भारत इस ईरानी पोर्ट को अपने रणनीतिक और आर्थिक हितों के लिए विकसित कर रहा है। चाबहार पोर्ट इन दिनों फिर सुर्खियों में है। इस पोर्ट के पास ही ओमान की खाड़ी में एक अहम संयुक्त नौसैनिक अभ्यास होने जा रहा है। इस अभ्यास में चीन, ईरान और रूस के नौसेना समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने की कोशिश करेंगे।

यह अभ्यास ऐसे वक्त हो रहा है जब अमेरिका ने ईरान के खिलाफ 'मैक्सिमम प्रेशर' की धमकी दी है और चीन पर ईरान और उत्तर कोरिया को मदद देने के आरोपों के साथ नए प्रतिबंध लगाने की बात कही है। इस परिस्थिति में, चीन, रूस और ईरान के बीच हो रहे इस अभ्यास को लेकर वैश्विक रणनीतिक विश्लेषकों की चिंता जताई है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि ईरान आखिर चीन और रूस के साथ मिलकर क्या रणनीति बना रहा है?

चाबहार पोर्ट स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ और भारतीय महासागर के बीच स्थित है। यह एक समुद्री रास्ता है, जो कच्चे तेल की शिपिंग के लिए अहम है। इस लिहाज से, इस क्षेत्र में चीन, रूस और ईरान का सैन्य समागम वैश्विक सुरक्षा के संदर्भ में एक नई रणनीति का संकेत हो सकता है। चीन ने इस अभ्यास के लिए अपनी नौसेना के 47वें एस्कॉर्ट टास्क ग्रुप से बाओटौ नामक विध्वंसक और गाओयूहू नामक आपूर्ति जहाज भेजने का फैसला लिया है। बाओटौ एक गाइडेड मिसाइल विध्वंसक है, जबकि गाओयूहू आपूर्ति जहाज है। चीनी रक्षा मंत्रालय ने इस अभ्यास के उद्देश्य को ऊर्जा शिपिंग मार्गों की सुरक्षा में मदद करना बताया है, जो खाड़ी के अहम जलमार्गों के लिए जरूरी है। यह अभ्यास चीन, रूस और ईरान के बीच सैन्य सहयोग और आपसी विश्वास को और गहरा करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। यह अभ्यास 2019 के बाद इन देशों के बीच पांचवां संयुक्त नौसैनिक अभ्यास होगा।

## आतंकी संगठन होने के शक में बार्सिलोना पुलिस ने कई मस्जिदों में मारे छापे

**बार्सिलोना।** स्पेन के बार्सिलोना में बीती रात कई मस्जिदों पर आतंकवाद रोधी दस्ते ने छापेमारी की। सुरक्षाबलों ने यह कदम तब उठाया जब एक दिन पहले बार्सिलोना में ही 10 पाकिस्तानियों को आतंकवाद के आरोप में गिरफ्तार किया था। इन पर अपने विरोधियों की हत्या और सिर कलम करने के लिए उकसाने का आरोप है। जांच में पता चला कि संदिग्ध एक संगठित आपराधिक संगठन से जुड़े थे, जो मैसेजिंग ग्रुप के जरिए हिंसक आदेश जारी करते थे। बार्सिलोना में एक संगठन के खिलाफ एक बड़ा ऑपरेशन चलाया गया। पुलिस और इतालवी पुलिस के संयुक्त अभियान में बार्सिलोना में 10 और इतालवी शहर पियासेंज़ा में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक यह समूह बहुत ही संगठित और गुप्त था और मैसेजिंग ऐप के जरिए से विरोधियों के खिलाफ हिंसक संदेश फैलाने में शामिल था। कुछ व्यक्तियों ने यूरोप में विशिष्ट लोगों को संभावित लक्ष्य के रूप में पहचानना शुरू कर दिया था। इसके अलावा उनके पोस्ट में उन व्यक्तियों की तारीफ की गई थी जिन्होंने ईशनिंदा के आरोप में यूरोप और पाकिस्तान में हमले किए थे। जांच में यह भी पता चला कि गिरफ्तार महिलाओं में से एक के नेतृत्व वाले मैसेजिंग समूह में केवल महिलाएं ही शामिल थीं। जांच अधिकारियों ने पुष्टि की है कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति एक आतंकवादी संगठन से संबंधित हैं। गुरुवार 6 मार्च को, दस गिरफ्तार व्यक्तियों को केंद्रीय जांच न्यायालय संख्या 6 के समक्ष पेश किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ.भीमराव अम्बेडकर पाठशाला खंदिया में प्रथम शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले जी की पुण्यतिथि मनाई गई

**महोबा** ।भारत की प्रथम महिला शिक्षिका,महान समाज सेविका एवं शिक्षा की देवी माता सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि मनाई गई कार्यक्रम का आयोजन पाठशाला संचालक इन्द्र कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री जागेश्वर कुशवाहा सर (प्रधानाध्यापक) वासुदेव जूनियर हाई स्कूल चरखारी रहे जागेश्वर कुशवाहा सर ने बताया कि देश में महिलाओं,बालिकाओं को शिक्षित करने शिक्षा के प्रति जागरूक करने में अहम भूमिका रही जिन्हें हम कभी नहीं भूल सकते शिक्षा की देवी माता सावित्री बाई फुले जी का जन्म 3 जनवरी, 1831 को महाराष्ट्र के नायगांव में हुआ था। एवं इनका निधन 10 मार्च 1897 को हुआ था। उन्होंने अपने पति महात्मा ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर लड़कियों के लिए भारत का पहला स्कूल, 1 जनवरी,1848 को महाराष्ट्र के पुणे खोला था।

सावित्रीबाई फुले जी का प्रमुख योगदान उन्होंने छुआ-छूत, सतीप्रथा, बाल और विधवा विवाह निषेध के ख़िलाफ़ काम किया उन्होंने अपने पति के साथ मिलकर लड़कियों की शिक्षा के लिए कुल 18 स्कूल खोले। उन्होंने महिलाओं को शिक्षित बनाने के लिए अपने समय और प्रयासों का समर्पित किया द्य सावित्री बाई ने महिला सशक्तिकरण महिलाओं को समान अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया द्य तथा सामाजिक न्याय के लिए काम किया। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष किया हमें उनकी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए काम करना चाहिए। इस मौके पर पाठशाला सहयोगी आनंद पाल,व उपेन्द्र परिहार यूपी पुलिस,सोहित राम तिवारी, एवं नैतिक,नीलम,खुशबू,वंदना,इच्छा सहित छात्र छात्राएं बच्चे मौजूद रहे।

### सीतापुर में हुए पत्रकार हत्याकांड के विरोध में पत्रकारों ने जुलूस निकालकर एवं प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**हमीरपुर**। राठ कस्बे के अंबेडकर चौराहे से आज नगर के दर्जनों पत्रकारों ने सीतापुर जनपद में हुए पत्रकार की गोली मारकर हत्या किये जाने के विरोध में हाथों में शक्तियां लेकर जुलूस निकालते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान पत्रकारों ने जमकर नारेबाजी करते हुए यूपी जिला अधिकारी अभिमन्यु कुमार को ज्ञापन भी सौंपा। नगर के पत्रकारों का कहना है कि सीतापुर जनपद के महोली तहसील में पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की गोली मारकर की गई हत्या की घटना बेहद निंदनीय है। जिसका वह लोग विरोध करते हैं। तथा हत्यारों के ऊपर विधि सम्मत कठोर कार्रवाई की मांग भी करते हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में वर्तमान समय में पत्रकारों के अंदर दहशत का माहौल है। तथा पत्रकार राघवेंद्र तिवारी की हत्या से पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त है उन्होंने कहा की हत्यरोपियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए। विरोध प्रदर्शन कर रहे पत्रकारों ने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की भी मांग की है। प्रदर्शनकारी पत्रकारों का कहना है कि वास्तविक रूप में जमीन पर रहकर खबरों के लिए पत्रकारिता करने वाले पत्रकार क्षेत्र में जाकर विभिन्न जोखिम भरी घटनाओं और खबर को कवरेज करते हैं। जिस वजह से वह अक्सर ही अपराधियों, नेताओं और माफियाओं के निशाने पर भी रहते हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किए बिना पत्रकारों के हित और उनकी सुरक्षा की बात करना बेमानी है। इस दौरान राठ नगर के पत्रकार समीर मिर्जा, शिवांक श्रीवास्तव वसीम बैग कैलाश सोनी भूपेंद्र सिंह, मनोज शास्त्री, राहुल निगम जयशंकर, देवेंद्र, सीतू, दीपेन्द्र, सुनील , पंकज व नेहा के अलावा अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

### पाइप लाइन डालने को खोदी गई सड़क थाना गांव के ग्रामीणों के लिए बनी मुसीबत

**ललितपुर** । तहसील तालबेहट अन्तर्गत ग्राम पंचायत थाना गांव में सरकार की हर घर नल जल योजना के तहत खोदकर पाइप लाइन डालने का काम चल रहा है हर घर नल जल योजना के तहत खोदकर पाइप लाइन सड़कों की सूरत बिगाड़ दी है। इससे ग्रामीणों को काफी समस्या हो रही है। ग्राम पंचायत थाना गांव के मुहल्ला आजादपुरा के ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन की ओर से हर घर नल अब लोगों के लिए मुसीबत बनती जा रही है।

# सीतापुर में पत्रकार की हत्या से महोबा के पत्रकारों में आक्रोश


### मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर की दोषियों को फाँसी की सजा देने की माँग



**महोबा**। अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब,प्रेस क्लब महोबा और राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद पत्रकार संगठनों के बैनर तले एकत्रित हुए सैकड़ों पत्रकारों ने यूपी के सीतापुर में दैनिक जागरण के पत्रकार की गोली मारकर हुई निर्मम हत्या के विरोध में जोरदार प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंप पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता,एक सरकारी नौकरी और मुकदमा फास्ट ट्रैक कोर्ट में चला कर दोषियों को फाँसी की सजा सहित पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की माँग की है।

उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में बीते दिनों दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की गोली मारकर की गई निर्मम हत्या से महोबा जनपद के पत्रकारों में आक्रोश दिखाई दे रहा है। अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब, राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद और प्रेस क्लब महोबा पत्रकार संगठनों के बैनर तले एकत्रित हुए सैकड़ों पत्रकारों ने एक सुर में घटना की निंदा करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में रघुपति राघव राजाराम गाकर शांतिपूर्ण विरोध जता मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी की नमौजूदगी में अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश को सौंप पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता,एक सरकारी नौकरी,मुकदमा ड़ास्ट ट्रैक कोर्ट में चला दोषियों को फाँसी की सजा सहित पत्रकार सुरक्षा ड़ानून लागू करने की माँग की है। पत्रकारों ने मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में बताया है कि जिस तरीके से प्रदेश में आएदिन पत्रकारों पर हमलों के मामले सामने आ रहे हैं इससे पत्रकार वर्ग स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है। पत्रकारों ने सीतापुर मामले में दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देकर नजीर पेश करने सहित पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की माँग की है। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष संजय मिश्रा,अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब अध्यक्ष वहीद अहमद,राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के बुंदेलखंड अध्यक्ष आनन्द तिवारी एवं जिलाध्यक्ष नरेन्द्र मिश्रा, अफसार अहमद, जयप्रकाश द्विवेदी, उमाकांत द्विवेदी, राजेश चतुर्वेदी, अनुज शर्मा, प्रकाश सक्सेना, आलोक शर्मा, रविन्द्र मिश्रा, जावेद बागवान, सरफराज कुरैशी, सुमित तिवारी, इमामी खाँ, विराग पचौरी, पंकज गुप्ता, नईमुर्रहमान अंसारी, अशोक बाजपेयी, बिहारीलाल गाडगे, नितिन नामदेव, आशीष द्विवेदी, बी.डी.बंसल, विष्णु गुप्ता, रफीक खान, कमल चतुर्वेदी, वीरेंन्द्र सक्सेना, उपेंद्र द्विवेदी, आशीष अवस्थी, उमाशंकर, राहुल कश्यप, गोरेलाल कुशवाहा, धीरेन्द्र सिंह चौहान, सुरेश विश्वकर्मा आदि सैकड़ों पत्रकार मौजूद रहे हैं।

## महिला ने नाबालिग देवर पर लगाया मारपीट करने का आरोप



**हमीरपुर**। राठ कोतवाली क्षेत्र के सदर गांव की निवासी महिला ने अपने नाबालिक देवरा पर गाली गलौज कर मारपीट करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद पीड़ति महिला ने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। राठ कोतवाली क्षेत्र के सदर गांव की निवासी महिला संतोषी पत्नि काशीराम ने सोमवार दोपहर करीब 1:00 बजे राठ कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर बताया कि बच्चों को लेकर हुए मामूली विवाद के चलते उसके पारिवारिक देवर गुड्डू ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी। बताया कि घटना के बाद उसने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## भटीपुरा चौकी क्षेत्र में अवैध कार्यों के संचालन में आई तेजी

### बीजानगर रोड,कल्याण सागर,सिंह भवानी,में अवैध गंजा ब अवैध शराब की बिक्री जोरों पर

### न्यायालय में विचाराधीन विवादित मामलो में कब्जा दिलाने में दिलचस्वी दिखा रहे चौकी जिम्मेदार

**महोबा**। कार्यभार संभालते ही जिले के पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा बैठक आयोजित कर खाकीकर्मियो को सख्त निर्देश दिए गए थे कि किसी भी चौकी क्षेत्र में मादक पदार्थों की बिक्री ,अवैध कार्यों का संचालन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा एसपी के निर्देश का असर यह हुआ की सभी चौकी क्षेत्र से मादक पदार्थों की बिक्री को पूर्णता बंद किया गया था साथ ही साथ मादक पदार्थ,जुआ, सट्टा जैसे अवैध कार्यों के संचालन पर पूरी तरीके से लगाम लगाई गई थी चौकी भटीपुरा की बात की जाए इंचार्ज रहे तत्कालीन सुजीत जायसवाल द्वारा अवैध कार्यों पर पूर्णता प्रतिबंध लगाया गया था साथ ही साथ ऐसे कार्यों में लिप्त और बिक्री करने वाले वजुआ खेलने वालों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल की सलाखों में भी पहुंचाया था लेकिन वर्तमान समय की बात की जाए तो चौकी क्षेत्र के बीजानगर रोड में अवैध गांजे की बिक्री का संचालन जोरों पर है वही चौकी क्षेत्र के कल्याणसागर की बात की जाए तो यहां भी बंद अवैध कार्य शराब और अवैध गांजा की बिक्री एकाएक जमकर संचालित की जा रही है रोक लगने के बाद आम जनमानस ने बताया था कि अब बाहरी और अराजक लोगों का आना-जाना बंद है लेकिन लोगों को स्वयं ही समझ में नहीं आ रहा कि एकाएक संचालित हुई गांजा और शराब की बिक्री कैसे जोर पकड़ गई चौकी भटीपुरा क्षेत्र के सिंहभवानी मोहाल की बात की जाए तो सिंह भवानी मोहल्ले में अवैध गांजा की बिक्री के साथ-साथ अवैध गांजे की सप्लाई की चर्चा भी मोहल्ले में जमकर हो रही है वही लवकुशनगर तिराहे की बात की जाए तो तड़के सुबह एकाएक मध्य प्रदेश से होकर महोबा शहर में स्थित डंपो में बालू लदे ट्रैक्टर फर्राटा भरते हुए नजर आ रहे हैं जो जिम्मेदार चौकी इंचार्ज की चौकी के सामने से ही बेधड़क निकल जाते हैं स्थानीय लोगों का आरोप है कि चौकी के सिस्टम के आगे यह ट्रैक्टर अब कुछ ज्यादा ही फर्राटा भर रहे हैं। इन अपराधों के खिलाफ एसपी पलाश बंसल द्वारा जैसे ही रोक लगाने के निर्देश दिए गए थे उस समय से आलम यह था कि भांग की दुकान से संचालित होने वाले गांजे की टपरियन तत्काल पूर्णता बंद हो गई थी और लंबे समय से इनमें ताले लटक गए थे लेकिन आमजनमानस का कहना है कि अब यह ताले भी खुल गए हैं टपरिया भी ऊपर हो गई है और गांजे की बिक्री फिर से संचालित हो रही है चौकी क्षेत्र में संचालित हो रहे अवैध कार्यों को लेकर आमजनमानस ने एसपी पलाश बंसल का ध्यान आकर्षित करा अवैध कार्यों को तत्काल बंद करने की मांग की है। आमजनमानस यह चर्चा करते हुए नजर आ रहा है कि चौकी क्षेत्र के कुमरौडा पेट्रोलपंप के पास स्थित एक विवादित बेशकीमती भूमि जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है विचाराधीन भूमि विवादित मामलो में रुचि लेकर न्यायालय के आदेश के पहले ही कब्जा दिलाने की चर्चाएं जमकर हो रही है।

## यातायात पुलिस टीम द्वारा विशेष चेकिंग एवं जागरूकता अभियान, की गयी कार्यवाही



**महोबा**। पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में यातायात नियमों के प्रति जनजागरुकता का प्रचार-प्रसार किये जाने तथा सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लाये जाने के उद्देश्य से प्रभारी यातायात महोबा, सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में जनपदीय यातायात पुलिस टीम द्वारा विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में जनपदीय यातायात पुलिस टीम द्वारा अभियान चलाकर जनपद में संचालित ऑटो, क्रूजर इत्यादि की सघन चेकिंग की गई, इस अभियान में ओवर लोड पाए गए वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई गई है। इस दौरान कुल 27 वाहनों को चेक किया गया तथा 09 वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी बिठाये जाने को लेकर ओवर लोडिंग का चालान किया गया है सभी चालकों को हिदायत दी गयी है कि यातायात नियमों का पालन करें, जान जोखिम में डालकर यात्रा न करें। साथ ही यातायात नियमों के प्रति जागरुकता कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में मुख्यालय महोबा क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न चौराहों, तिराहों, बस स्टैण्ड पर आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन का महत्व बताया जा रहा है ताकि जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### सोने चांदी और नगदी से भरा बैग चोर ने किया पार, मचा हड़कंप

**हमीरपुर**।राठ कस्बे के रामलीला मैदान में सब्जी खरीदने के लिए गए एक व्यक्ति ने सब्जी खरीदने के दौरान सोने चांदी और नगदी से भरा बैग अपना बैग अपने बगल में रख दिया। तथा वह सब्जी लेने में व्यस्त हो गया। जिसके बाद अज्ञात चोर ने मौका देखकर बैग को चोरी कर लिया। घटना की जानकारी लगने पर पीड़ित व्यक्ति ने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। राठ कस्बे के सिकंदरपुरा इलाके के निवासी राकेश सोनी पुत्र शिवलाल ने सोमवार दोपहर करीब 12:00 राठ कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर बताया कि कल रविवार की शाम करीब 7:00 बजे वह राठ कस्बे के रामलीला मैदान में सब्जी खरीदने के लिए आया हुआ था। बताया कि तभी उसी दौरान सब्जी खरीदते वक्त उसने अपना बैग अपने बगल में रख दिया। तथा वह सब्जी लेने में व्यस्त हो गया। बताया कि तभी उसी दौरान किसी अज्ञात चोर ने मौका पाकर उसके बैग को चोरी कर लिया। बताया कि उसके बैग में साढ़े 8 ग्राम सोना 65 ग्राम चांदी और 2 हजार रुपये की नगदी रखी हुई थी।

## भीषण अग्निकांड में महिला का घर जलकर खाक, दो मासूम बच्चों के साथ बचाई जान





**महोबा**। शहर कोतवाली क्षेत्र के सुभाष नगर मोहल्ले में रविवार की रात एक मकान में भीषण आग लग गई, जिससे गृहस्थी का पूरा सामान और 60 हजार रुपये की नगदी जलकर राख हो गई। आग इतनी भयानक थी कि इसे बुझाने में पड़ोसियों और पुलिस को करीब दो घंटे का समय लग गया।आपको बता दें कि घटना शहर के चंदेल पेट्रोल पंप के पास सुभाष नगर में रहने वाली शालिनी ने बताया कि वह खाना बनाने के बाद घर के कामों में लगी थी, जबकि उसके दो छोटे बच्चे दूसरे कमरे में पिता के आने का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान अचानक कमरे से आग की लपटें उठती देख उसने तुरंत अपने बच्चों को लेकर घर से बाहर निकलने का फैसला किया। शालिनी ने बताया यदि वो समय रहते बाहर न निकलती, तो कोई बड़ी अनहोनी हो सकती थी। पीड़िता ने बताया कि इस अग्निकांड में उनका लगभग डेढ़ से दो लाख रुपये का सामान जलकर खाक हो गया, साथ ही घर में रखे 60 हजार रुपये भी जल गए। परिवार के पास अब रहने के लिए कोई ठिकाना नहीं बचा है और वे खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। शालिनी के पति ऑटो रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। आग की सूचना मिलते ही वह तुरंत घर पहुंचे, लेकिन तब तक सबकुछ जल चुका था। पड़ोसियों और पुलिस की मदद से आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़िता ने मुख्यमंत्री से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है ताकि उनके परिवार को दोबारा बसने में सहायता मिल सके।

### पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में की गई जनसुनवाई

**फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश**



**महोबा**। पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी। पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## प्रेम प्रसंग के चलते युवती को भगाने के मामले में हिरासत में लिए गए युवक ने किया आत्मघाती हमला



**महोबा**। प्रेम प्रसंग के चलते नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में हिरासत में लिए गए प्रेमी युवक ने बाथरूम के प्लास्टर को उखाड़कर आत्मघाती हमला कर खुद को लहूलुहान कर लिया। पुलिस ने गंभीर अवस्था में प्रेमी युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत चिन्ताजनक होने पर डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज झाँसी रेफर कर दिया है।

दरअसल मामला अजनर थाना परिसर का है जहां थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआ बांध गांव के रहने वाले बिहारी लाल के 28 वर्षीय पुत्र कालू अहिरवार को पुलिस द्वारा नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में हिरासत में लिया गया था जिसके बाद आज दोपहर लघुशंका करने के बहाने युवक बाथरूम गया और बाथरूम का प्लास्टर उखाड़कर खुद को लहूलुहान कर लिया। युवक को घायल अवस्था में देख पुलिसकर्मियों के हाथ-पाँव फूल गए। आनन-फानन में पुलिस द्वारा उसे गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सीएचसी जैतपुर और फिर बाद में जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत चिंताजनक होने पर डॉक्टर ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। मामले को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने बताया कि एक गाँव की रहने वाली नाबालिग किशोरी को भगा ले जाने के मामले में मुकदमा पंजीकृत किया गया था जिसके आधार पर युवक को हिरासत में लिया गया था और पूछताछ की जा रही थी आज थाना परिसर स्थित शौचालय में बाथरूम करने के दौरान युवक ने खुद को हमला कर लहूलुहान कर लिया जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है,मामले में पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## » न्यूज कैप्सूल »

### परिजन सोते रहे और युबती हुई गायब

**पिता की शिकायत पर नामजद के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज**

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम वस्त्रावन में गांव में रहने वाली एक युवती अचानक अपने घर से उस समय गायब हो गई जब उसके परिजन गहरी नींद में थे। घटना की जानकारी होने पर पिता ने गांव के ही नामजद पर मामला दर्ज कराया। ग्रान वस्त्रवन निवासी ग्रामीण ने थाना बार पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 6 मार्च 2025 को सुबह करीब 4:00 उसकी 20 वर्षीय पुत्री अचानक गायब हो गई जब उसकी नींद खुली तो वह घर में नहीं थी। इस दौरान जब उसने अपनी पुत्री की काफी खोजबीन की, तो पता चला कि उसके ही गांव में रहने वाला मुकेश पूत्र तेज सिंह कुशवाहा उसकी पुत्री को बहला फुसला कर अपने साथ कहीं भाग ले गया है। थाना बार पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पिता द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ करती है।

### गाली गलौज मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**पीड़ित की शिकायत पर सभी नामजद और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज**

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सागर नेशनल हाईवे पर स्थित ग्राम सतरवांस के ओवर ब्रिज के पास एक बाइक सवार को कुछ विपक्षियों ने सरे आम दबोच लिया और उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देकर उसका मोबाइल तोड़फोड़ दिया। उक्त घटना के संबंध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने नामजद और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मोहल्ला शिव नगर निवासी साहिल कुशवाहा पुत्र मुन्नालाल कुशवाहा ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कितना अंक 8 मार्च 2025 को शाम कारी 5:00 बजे जब वह अपने घर से विरधा की तरफ अपनी मोटरसाइकिल से जा रहा था, तभी ग्राम सतरवास ओवर ब्रिज के पास दो अज्ञात बदमाशों ने उसे दबंगई के बल पर रोक लिया। इस दौरान उसके रूकते ही उनके चार और अन्य साथी आ गए और उसके साथ सरेआम जमकर गाली गलौज करने लगे। इतना ही नहीं जब उसने विपक्षियों की इस हरकत पर विरोध जताया, तो उन्होंने लात घुसो लाठी डंडों से जमकर मारपीट की। उसके साथ घटना को अंजाम देने वालों में प्रिंस पुत्र अमर सिंह अंशुल पुत्र बालचंद व पहलाद पुत्र धर्मदास निवासी ग्राम बछराई के साथ अन्य लोग भी शामिल हैं। बताया गया है कि करीब 6 माह पूर्व उसके बड़े भाई रोहित से अंशुल का विवाद भी हुआ था, जिसको लेकर दबंगों ने उक्त घटना को अंजाम दिया। दबंग की मारपीट में उसका मोबाइल भी टूट गया, जिससे उसका नुकसान हो गया। सदर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर सभी नामजद व आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### घर के बाहर खड़ी जुपिटर गाड़ी पर अज्ञात चोरों ने किया हाथ साफ

**शिकायती पत्र पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज**

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला सिविल लाइन एसडीएस स्कूल इलाके में घर के बाहर खड़ी हुई एक जुपिटर गाड़ी पर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी होने पर गाड़ी मालिक ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर मामला दर्ज कराया। मोहल्ला सिविल लाइन इलाके की एसडीएस स्कूल के पास रहने वाले खुर्शीद आलम पुत्र अब्दुल बारी ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 9 मार्च 2025 को दिन में 11:00 बजे वह अपना काम निपटा कर अपने घर आया और घर के बाहर अपनी जुपिटर गाड़ी क्रमांक युई 94 एई 0137 घर के बाहर खड़ी करके घर के अंदर चला गया। थोड़ी ही देर बाद जब वह घर के बाहर निकाला, तो उसकी गाड़ी उस स्थान पर नहीं मिली, जहां उसने ड़डी की थी। इस दौरान उसने आसपास के लोगों से अपनी गाड़ी के बारे में जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया, लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं मिली। उसे अनुमान है कि कोई अज्ञात बाइक चोर उसकी गाड़ी को लेकर रफू चक्कर हो गया है। सदर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ 303(2) धारा में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### कार्यालय प्रबंधन प्रशिक्षण कोर्स के लिए आवेदन शुरू, 15 मार्च तक करें आवेदन

**ललितपुर।** जिला सेवायोजन विभाग, के जिला सेवायोजन कार्यालय में अधीन संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र में कार्यालय प्रबंधन प्रशिक्षण कोर्स एक अप्रैल से शुरू हो रहा है। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई हैं और इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति के अभ्यार्थी जिनकी आयु सीमा दिनांक-01 जनवरी 25 को 18 वर्ष से 35 वर्ष के मध्य हो, अपना आवेदन पत्र जिला सेवायोजन कार्यालय में दिनांक-15 मार्च 2025 को अपरान्ह 12:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। आवेदन के लिए न्यूनतम योग्यता इंटरमीडिएट होनी चाहिए। हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय अनिवार्य हैं। एक वर्ष के इस कोर्स में अभ्यर्थी को बेसिक आवेदन के साथ शैक्षिक योग्यता प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति अवश्य संलग्न करें। प्रवेश साक्षात्कार के माध्यम से होगा।

# गाँव में शराब की कलारी बंद करवाने के लिए लागोन की महिलाओं ने भरी हुंकार

**करीब एक दर्जन महिलाओं ने क्लैक्ट्रेट परिसर में कलारी बंद करवाने हेतु दिया धरना**

**डीएम को ज्ञापन देकर जल्द दर जल्द गाँव की कलारी बंद कराये जाने की उठाई मांग**

**कलारी बंद न होने पर सड़कों पर प्रदर्शन करने की भी दी चेतावनी**





**ललितपुर।** साहब गांव में संचालित होने वाली कलारी पर बिकने वाली शराब के कारण गांव के कई परिवार उजाड़ने की कगार पर हैं, इसलिए गांव की कलारी बंद करवाकर कहीं और स्थानांतरित भी करवा दीजिए। यह गुहार थाना जखौरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लगोन की महिलाओं ने जनपद के मुखिया जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंच कर लगाई। इस दौरान महिलाओं ने धरना प्रदर्शन करते हुए कलारी बंद करवाने के लिए नारेबाजी की और परिसर में ही धरने पर बैठ गई। महिलाओं का आरोप है कि गांव में शराब की कलारी संचालित होने से उनके परिवार के लोग शराब पीने के आदी हो गए हैं और घर की महिलाओं के साथ मारपीट भी करते हैं। इतना ही नहीं शराबियों के आतंक से गांव की महिलाएं भी काफी परेशान हैं।

आजकल जनपद के शहरी और ग्रामीण इलाकों में रहने वाली महिलाएं अब शराब के प्रति जागरूक होने लगी हैं, और लगातार गांव गांव में संचालित होने वाली शराब की दुकानों को बंद करने के लिए हल्ला बोल कर रही है। जिसका जीता जाता नमूना उस समय देखने को मिला, जब जखौरा के ग्राम लागौन की करीब दो दर्जन महिलाएं सोमबार को अपने गांव में संचालित कलारी को बंद करवाने के लिए शहर की सड़कों पर प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंची। इस दौरान महिलाओं ने क्लैक्ट्रेट परिसर में करीब 2 घंटे तक धरना प्रदर्शन किया और कलारी बंद करवाने के लिए नारेबाजी भी की। इस दौरान उन्होंने अपने गांव में संचालित कलारी की दुकान के साथ-साथ गली-कूचों में बिक रही शराब को तत्काल प्रभाव से बंद करने की मांग उठाई। गांव की महिलाओं ने जिलाधिकारी को संबोधित कर सक्षम अधिकारी को ज्ञापन भी दिया। जिलाधिकारी के नाम दिए गए ज्ञापन में गांव की किरन सावित्री क्रांति रैना सहित तमाम महिलाओं ने अवगत कराया कि उनके गांव में कलारी की दुकान खुली हुई है, जिस पर सुबह से लेकर देर रात तक शराब की बिक्री की जाती है। कलारी पर बिकने वाली शराब के साथ-साथ गली-कूचों की दुकानों पर बिकने वाली शराब ने उनके परिवार की सुख शांति को छीन लिया है। आलम यह है कि उनके परिवार के मुखिया के साथ-साथ अन्य सदस्य सुबह से ही शराब पीकर आ जाते हैं और घर में उथल-पुथल की स्थिति पैदा कर देते हैं। उनके घर के लोग काम नहीं करते, जबकि घर में रहने वाली सभी महिलाएं खेती किसानी के काम के साथ-साथ मेहनत मजदूरी का काम कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण चलती हैं। शराब ने उनके परिवारों की सुख शांति को इस कदर भंग कर दिया है, कि ना वह जी पा रही हैं और नाम मर पा रही हैं। घर परिवार का आलम यह है कि घर में परिवार के सदस्य भूखे-प्यासे बैठे रहे, लेकिन उनके लोगों को शराब पीने के लिए पैसा चाहिए। यदि वे मेहनत मजदूरी कर पैसा नहीं देती, तो वह उनके साथ बेतहाशा मारपीट कर जानवरों जैसा बर्ताव करते हैं। उनके परिवार के लोगों ने उनके घर गृहस्ती के समान के साथ-साथ उनके गहने जेवर आदि को भी शराब के लिए बेच दिया है। महिलाओं ने यह भी आवाहन किया कि यदि शासन प्रशासन उनके गांव में संचालित शराब की दुकान को बंद नहीं करवाता, तो वह स्वयं सड़कों पर उतरकर शराब की दुकान बंद करवाने के लिए मजबूर होगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में दस माह की विवाहित का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला

**सूचना पर अस्पताल पहुंचे मायके पक्ष के लोगों के डर से पति सहित तमाम ससुरालीजन हुए रफू चक्कर**

**मृतिका के पिता ने पति सहित ससुरालियों पर अपनी पुत्री का हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का लगाया आरोप**

**ललितपुर।** थाना पाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बजरंगगढ़ में एक विवाहता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके ही घर में फांसी के फंदे पर लटकता हुआ पाया गया। मृतिका के परिजनों उसे फंदे से उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरधा में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरी परीक्षण के दौरान उसे मृतक घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर मौड़े पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया बताया गया है। मृतिका के ससुरालियों की सूचना पर जब उसके मायके पक्ष के लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और अपनी पुत्री की हत्या करने का आरोप लगाने लगे, तब उसके पति सहित ससुरालीजन उसे मृतक अवस्था में अस्पताल में ही छोड़कर मौके से रफू चक्कर हो गए, जिससे मामला संदिग्ध माना जा रहा है। मृतिका के पिता ने अपनी पुत्री की हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का आरोप भी लगाया है।

ग्राम बजरंग गढ़ निवासी 19 बर्षीय मुस्कान पति अजीज पुत्री जाकिर शाह की शादी करीब 10 माह पूर्व सम्पन्न हुई थी, जिसका मायका मध्य प्रदेश के जनपद सागर अंतर्गत मालथोन में था। बताया गया है कि मुस्कान का शव रविवार को शाम करीब 2:30 बजे अपने ही घर के कमरे में छत की कुंदें पर रस्सी का फंदा लटकता उसके ससुरालियों ने देखा, तो उन्होंने उसे फंदे से उतारकर तत्काल इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरधा लेकर आए, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के दौरान विवाहिता को मृतक घोषित कर दिया। इस मामले की सूचना मृतिका के परिजनों ने उसके मायके पक्ष को करीब 4 बजे दी। जिसके बाद उसका पिता जाकिर शाह अपने परिजनों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरधा पहुंचा। जहां मायके पक्ष ने अपनी पुत्री की हत्या करने के आरोप जब बेटी की ससुराल वालों पर लगाए, तो वह मृतिका को छोड़कर वहां से रफू चक्कर हो गए। घटना की सूचना पर मऊ की पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शकों का के में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया और जांच में जुट गई है। बताया गया है कि मृतिका मुस्लिम ब्रत रोजे से भी थी।

मृतिका के पिता ने अपनी पुत्री के पति एवं उसके अन्य ससुरारी जनों पर पुत्री का अनैतिक उत्पीड़न करने की आरोप लगाए।

# तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कॉर्पियो हाईवे किनारे मसोरा के पास बने ढाबे में जा घुसी

**ढाबे में खाना खा रहे करीब आधा दर्जन लोग हुए गंभीर रूप से घायल, दो की हालत गंभीर**

**सभी घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय में कराया गया भर्ती**

**चार लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद घर जाने की दी इजाजत, तो दो गंभीर रूप से घायलों को भर्ती कर किया जा रहा है इलाज**



**ललितपुर।** सागर नेशनल हाईवे पर कोतवाली सदर अंतर्गत मसौरा बैरियल के निकट एक स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर एक ड़ाबे में जा घुसी, जिससे ड़ाबे में खाना खा रहे लोगों में अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। इस दौरान गाड़ी की चपेट में आने से करीब आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हुए, जिन्हें 108 एंबुलेंस की मदद से तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां दो की हालत गंभीर बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सोमबार को सागर हाइबे पर स्थित ग्राम मसौरा बैरियल के निकट तेज गति से भाग रही एक स्कॉर्पियो कार क्रमांक यूपी 94 एच 9485 अचानक चालक के नियंत्रण से बाहर हो गई और अनियंत्रित होकर हाइवे पर बने एक ड़ाबे में जा घुसी। अनियंत्रित स्कॉर्पियो ढाबे में घुसते ही वहां पर अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया और खाना खा रहे लोग इसकी चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां पर खाना खा रहे युवकों को रौंद दिया। जिसके बाद आसपास के लोगों ने आकर कर से कुछ ले गंभीर घायल लोगों को बचाया और तत्काल 108 एंबुलेंस बुलाकर सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां उनका उपचार चल रहा है। बताया गया है कि अनियंत्रित स्कॉर्पियो की चपेट में आने से ढाबे पर खाना खा रहे ।

# आगामी त्यौहार के सम्बन्ध में तैयारियो की समीक्षा कर दिए दिशा-निर्देश

**त्यौहारों के दृष्टिगत सुरक्षा व शांति- व्यवस्था बनाये रखने हेतु, अराजकतत्वो पर सतत् रूप से निगरानी के संबंध में आवश्यक दिए दिशा-निर्देश**



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा गूगल मीट के माध्यम से जनपद के समस्त राजपत्रित अधि0/थाना/शाखा प्रभारियों के साथ अपराध एवं कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में जूम मीटिंग की गयी तथा आगामी त्यौहार होली आदि के सम्बन्ध में तैयारियो की समीक्षा कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

बैठक के दौरान एसपी निर्देश दिए कि समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना/चौकी प्रभारी अपने-2 क्षेत्र में पूर्व से निर्धारित होलिका दहन स्थलों का भौतिक निरीक्षण कर ले तथा आयोजकों से वार्ता करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

गूगल मीट पर बैठक करते हुए सपा ने होलिका दहन कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटिया लगाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। आगामी त्यौहारो को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारी / थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सतत् रूप से होटल/ढ़ाबा/ रेस्टोरेंट आदि सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण शील रहकर चेकिंग करना सुनिश्चित करें। त्योहारों के सम्बन्ध में अपने-अपने थाना क्षेत्रो में क्षेत्राधिकारीगण की मौजूदगी में पीस कमेटी की मीटिंग की जाये तथा आयोजकों से वार्ता कर प्राप्त होने वाली शिकायतों का समय से निस्तारण कराते हुये आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। होली पर्व के दृष्टिगत हॉटस्पॉट स्थानों को चिन्हित कर, भौतिक रूप से सत्यापन किया जाये तथा आवश्यक चिन्हित स्थानों पर पुलिस बल की ड्यूटिया लगाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। त्यौहार के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम, होली मिलन समारोह/ मेले लगने वाले स्थानो का भौतिक निरीक्षण किया जाये तथा आयोजको से वार्ता करने तथा शांति व्यवस्था बनाये रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। समस्त थाना प्रभारियों/यातायात प्रभारी को प्रतिदिन चैकिंग करने तथा वाहनों में क्षमता से ज्यादा सवारी बैठाने व बिना नम्बर प्लेट, बिना हेलमेट/सीट बेल्ट का उपयोग न करने वालो वाहन चालको के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। समस्त थाना प्रभारियों को अपने -अपने थाना क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर, त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# शादी के महज दस माह में ही उजड़ गया विवाहिता की मांग का सिंदूर

**अज्ञात कारणों के चलते पत्नी के ननिहाल में फसलों की कटाई करते समय पति ने फांसी लगा कर दी जान**

**ललितपुर।** शादी के महज दस माह बाद ही एक विवाहिता की मांग का सिंदूर उस समय उजड़ गया, जब थाना बार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रामपुर अपनी ससुराल में मजदूरी का काम कर रहे दामाद ने पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टरी परीक्षण के दौरान ग्रामीण को मृतक घोषित किया गया। जिसके बाद उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। आत्महत्या का कारण अज्ञात बताया गया है।

थाना पाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बजरंग गड़ निवासी 22 बर्षीय महेंद्र पुत्र हल्काई सहरिया चार दिन पूर्व अपने गाँव से परिबार को लेकर मालथोन फसल की कटाई करने के लिए गया था। जहां से वह कटाई करने के बाद रविवार को अपने मामा ससुर के घर थाना बार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रमपुरा गया था। रमपुरा में वह रहकर वहां भी फसलों की कटाई करने का काम कर रहा था। बताया गया है कि रविवार को दोपहर करीब 3:00 बजे ड़ब वह अपनी पत्नी संगीता के साथ फसलों की कटाई का काम कर रहा था, वह चला गया और पास में ही खडे पेड पर रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब पत्नी थोड़ी देर में अपने पति को ढूंढती हुई पहुंची, तो उसके पति का सब फांसी के फंदे पर लटक रहा था, जिसे देखकर वह चिल्लाने लगी।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने कार्यक्रम आयोजित करने के लिए जिला अधिकारी को दिया ज्ञापन

**ललितपुर।** जनपद में पिछले कई वर्षों से नजूल की भूमि पर हजरत बाबा सदनशाह उर्स का मेला लगातार आयोजित किया जा रहा है, जिसके लिए मुस्लिम समाज के लोगों का ही कमेटी बनाई जाती है और अपनी मनमर्जी के अनुसार कार्य किया जाता है। इस वर्ष मेले में प्रशासनिक अधिकारियों की भागीदारी नहीं रहती और अन्य धर्म के लोगों की भी भागीदारी नहीं रहती। इस मामले को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने जिला अधिकारी को ज्ञापन देकर उसे मेला कार्यक्रम को संपन्न करने के लिए सर्वधर्म समिति के लोग एवं अधिकारियों की एक समिति बनाकर उनकी निगरानी में कराई जाने की मांग उठाई। शहर के सिविल लाइन इलाके में बाबा हजरत सदन शाह कि उर्स मेले को संपन्न करने के लिए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने जिला अधिकारी को ज्ञापन देकर अवगत कराया कि पिछले कई वर्षों से जनपद की नजूल भूमि संख्या 514, 515, 516, 517 518 पर स्थित दरगाह बाबा सदनशाह का मुकदमा वाद संख्या 10574/2019 निरस्त फर्जी उर्स कमेटी ने दर्ज कराया था, जो उस कमेटी एवं बफ्फ कमेटी के विरुद्ध था और जिसमें कई प्रतिवादी भी बनाए गए थे। इस मामले को लेकर उच्च न्यायालय ने दिनांक 2 अप्रैल 2019 में और समय हस्तक्षेप नहीं करने का स्थगन आदेश भी जारी किया था। इसके बाद 29 मार्च 2023 में एक आदेश के अनुसार जिलाधिकारी को उक्त सालाना उर्स उसकी अपनी निगरानी में आयोजित करने के लिए निर्देशित किया गया था।

# दबंग पिता पुत्रों ने दुकानदार से एक लाख रुपए की मांगी रंगदारी

**विरोध करने पर मारपीट करते हुए तमंचे से फायर झोंकने का आरोप**

**मारपीट की घटना दुकान की सीसीटीवी में कैद**

**पीड़ित दुकानदार ने शिकायती पत्र देकर बिपक्षयों के खिलाफ उठाई कार्यवाही की मांग**

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत नवीन गल्ला मंडी में नामजद दबंग पिता पुत्रों ने एक दुकानदार की दुकान पर जाकर उससे अवैध रूप से एक लाख की रंगदारी मांगी। इस दौरान विरोध करने पर गाली-गलौज मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी तथा जान से मारने की नीयत से उस पर तमंचे से फायर भी कर दिया, जिसमें वह बाल बाल बचा। उक्त घटना के संबंध में पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग उठाई। मारपीट की घटना दुकान के पास लगे सीसीटीवी में भी कैद हुई।

मोहल्ला तालाबपुरा निवासी राकेश साहू पुत्र चंद्रभान साहू ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया की उसकी मेसर्स आजाद ट्रेडिंग कंपनी के नाम से गल्ले की दुकान कृषि उपज मंडी में स्थित है। दिनांक 7 मार्च 2025 को रात्रि करीब 10:30 बजे वह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था, इसी दौरान रामसहाय अपने पुत्र मोहित व रोहित निरंजन निवासी तालपुरा के साथ पंकज साहू निवासी मोहल्ला लक्ष्मीपुरा अपने हाथों में लाठी डंडा तलवार और तमंचा लेकर आए तथा उसकी दुकान पर जमकर गाली गलौज कर एक लाख की रंगदारी मांगने लगे। इतना ही नहीं जब उसने विपक्षियों की इस हरकत पर विरोध जताया, तो उन्होंने उसकी दुकान पर बैठे उसके भांजे राहुल साहू जितेंद्र साहू पुत्रगण मुन्नालाल साहू पर अचानक हमला कर दिया और तमंचे से फायर भी कर दिया, जिसमें उसका भांजा बाल बाल बचा। इस दौरान वहां पर मौजूद अन्य पल्लेदार और लोगों द्वारा जब दबंग को मौके पर पकड़ लिया गया, तो वह लोगों की पकड़ से छूटकर भाग निकले और जान से मारने की धमकी भी देने लगे। इस दौरान वहां पर लगे हुए सीसीटीवी में उक्त मारपीट की घटना कैद हुई। आरोप है कि मोहित निरंजन पर कई आपराधिक मामले पंजीकृत हैं, जिस कारण वह दबंगई के बल पर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देता रहता है और इलाके में खतरे का पर्याय भी बना हुआ है। शिकायती पत्र के माध्यम से पीड़ित में विपक्षियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही करने की मांग उठाई।

# प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन आज

## नगर क्षेत्र का रहेगा रुट डायवर्जन

**झांसी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मंगलवार को झांसी आगमन हो रहा है। इसके मद्देनजर नगर क्षेत्र का रुट डायवर्जन प्लान किया गया है।

सीओ यातायात स्नेहा तिवारी के मुताबिक प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को झांसी आ रहे हैं। इसके मद्देनजर नगर व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है।

### ऐसी रहेगी व्यवस्था

मेडिकल कालेज बाईपास: मेडिकल बाईपास से शहर क्षेत्र (बस स्टैंड, जेल चौराहा, सदर बाजार, ईलाइट चौराहा, बिजौली, हंसारी, ललितपुर की ओर जाने हेतु) प्रवेश करने वाले सभी प्रकार के वाहन वीवीआईपी के जनपद में आगमन के उपरान्त पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। उपरोक्त सभी वाहन डायवर्जन के समय कानपुर शिवपुरी हाइवे के माध्यम से अपने गन्तव्य को जा सकेगें।

झांसी होटल चौराहा: जेल चौराहा से ईलाइट चौराहा जाने वाले वाहन झांसी होटल चौराहा होते हुए इलाहाबाद बैंक चौराहा से रेलवे स्टेशन से चित्रा चौराहा होकर अपने गंतव्य को जा सकेंगे।

चित्रा चौराहा: चित्रा से इलाइट की तरफ जाने वाले वाहन चित्रा



चौराहा से स्टेशन से इलाहाबाद बैंक चौराहा से झांसी होटल होकर अपने गंतव्य को जा सकेंगे।

बीकेडी चौराहा: बीकेडी चौराहा के जीवनशाह तिराहा/इलाइट चौराहा की तरफ जाने वाले वाहन बीकेडी से चित्रा चौराहा होते हुए अपने गंतव्य को आ जा सकेंगे।

### बसों हेतु ऐसी रहेगी यातायात व्यवस्था

वीवीआईपी के आगमन को प्रात:काल से वीवीआईपी के जनपद से प्रस्थान होने तक बसों का संचालन ऐसा रहेगा। बताते हैं कि मेडिकल बाईपास क्षेत्र से आने एवं जाने वाली बसें मेडिकल गेट नंबर तीन से संचालित होगी। मऊरानीपुर से झांसी संचालित होने वाली बसें अग्रसेन चौक से संचालित होगी। ललितपुर से जनपग आने जाने वाली बसें झांसी होटल चौराहा से करीब 100 मीटर पहले से संचालित होगी। दतिया मध्य प्रदेश से आने जाने वाली बसें अंसल तिराहा से संचालित होगी। शिवपुरी मध्य प्रदेश से आने जाने वाली बसें मसीहागंज चौकी से संचालित होगी। जनसभा में सम्मिलित होने हेतु लाभार्थियों को लाने वाली बसें मेडिकल बाईपास से ही कचहरी चौराहा होकर पार्किंग स्थल मिनर्वा चौराहा के पास मैदान (जनसभा स्थल के पास) को जा सकेगी।

### भारी वाहनों का रहेगा प्रतिबंध

भारी वाहनों के लिए दिन में खुलने वाली नो-इन्ट्री से छूट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। प्रात:काल से वीवीआईपी से प्रस्थान तक ट्रैक्टर ट्राली का आवागमन भी पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उक्त प्रतिबंध से एम्बुलेंस एवं इमरजेंसी व्हीकल को छूट प्रदान की गई है।

### ऐसी रहेगी जनसभा हेतु वाहनों की पार्किंग व्यवस्था

पी 1- वीवीआईपी पार्किंग शिल्पग्राम (क्राफ्ट मेला मैदान के निकट)

पी 2- बस पार्किंग मिनर्वा चौराहा के पास मैदान

पी 3- महिला चिकित्सालय रोड मिनर्वा (नगर निगम पार्किंग)

पी 4- किला के सामने पार्किंग स्थल

पी 5- मुक्ताकाशी मंच

पी 6 - पंडित दीनदयाल सभागार

पी 7- राजकीय संग्रहालय बाईक पार्किंग।

## बरुआसागर के अदरक को जीआई टैग दिलाने की कवायद

**झांसी।** यूपी सरकार झांसी जिले के बरूआसागर क्षेत्र के अदरक उत्पादकों की आमदनी को बढ़ावा देने के लिए इसके जीआई टैग के लिए मदद कर रही है। झांसी जिले के ही एक एफपीओ के माध्यम से अदरक को जीआई टैग दिलाने के लिए उद्यान विभाग और नाबार्ड की मदद से आवेदन दाखिल किया गया है। आने वाले समय में जीआई टैग मिल जाने के बाद इस क्षेत्र के अदरक उत्पादकों को बेहतर बाजार और मूल्य दिलाने में सफलता मिलेगी। इसके साथ ही इस क्षेत्र में अदरक के उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा।

# युवा उद्यमियों को ऋण वितरित करेंगे सीएम योगी

## स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल, पैथोलॉजी और स्पोक कलेक्शन सेंटर का करेंगे उद्घाटन

## नव निर्मित आधुनिक स्पेस म्यूजियम का करेंगे अवलोकन

## आयुक्त सभागार में अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों के साथ करेंगे मंडलीय समीक्षा बैठक

**झांसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को झांसी जनपद के दौरे पर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री स्मार्ट सिटी द्वारा नव निर्मित स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल/पैथोलॉजी सेंटर एवं 4 स्पोक कलेक्शन सेंटर का उद्घाटन करेंगे। यहां से मुख्यमंत्री स्मार्ट सिटी द्वारा नव निर्मित आधुनिक स्पेस म्यूजियम पहुंचेंगे और इसका अवलोकन करेंगे।

स्पेस म्यूजियम का अवलोकन करने के बाद मुख्यमंत्री क्राफ्ट मेला मैदान पहुंचेंगे। यहां वे मुख्यमंत्री युवा योजना एवं युवा उद्यमियों के स्टार्ट अप की प्रदर्शनी का उद्घाटन और अवलोकन करेंगे। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के लाभार्थियों को ऋण वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री यहां से कार्यक्रम के बाद सर्किट हाउस पहुंचेंगे। सर्किट हाउस से मुख्यमंत्री आयुक्त सभागार पहुंचेंगे और यहां मंडलीय समीक्षा बैठक करेंगे। समीक्षा बैठक में झांसी जनपद के अधिकारी और जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे जबकि जनपद ललितपुर और जालौन के जनप्रतिनिधिगण और अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे।

एडीएम वरुण कुमार पांडेय ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियां क्राफ्ट मेला मैदान पर की गई हैं।क्राफ्ट मेला मैदान पर ढाई हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। सात पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। दो मंडल से लाभार्थी बुलाए गए हैं, जिन्हें ऋण का चेक वितरण किया जाएगा।

# घर में घुसकर दबंगों ने बरपाया कहर

## जमकर की पत्थरबाजी व चलायी लाठियां

## विरोध करने पर महिलाओं पर किया हमला , चार लोग घायल

## मोहल्ले में भय, पलायन करने को मजबूर होंगे लोग

## घटना का वीडियो वायरल, पुलिस ने शुरु की आरोपियों की जांच

**झांसी।** चिरगांव थाना क्षेत्र के करइयनपुरा में दबंगों की गुंडागर्दी थमने का नाम नहीं ले रही है। देर रात दबंगों ने एक परिवार के घर में घुसकर जमकर मारपीट की और महिलाओं को भी नहीं बख्शा। लाठी डंडों और पत्थरबाजी कर कई लोगों से मारपीट कर दी, जिसमें चार लोग घायल हो गए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले की जांच और कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मामले में रेलवे कर्मचारी पर भी मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। इस घटना का वीडियो वायरल हो गया है।

चिरगांव थाना क्षेत्र के करइयनपुरा मोहल्ला में रहने वाले रमेश कुशवाहा के घर पर बीती रात करीब 11 बजे कुछ दबंगों ने हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि ये दबंग पहले घर के बाहर गाली-गलौज कर रहे थे। जब रमेश ने इसका विरोध किया, तो वे लाठी-डंडों से लैस होकर उनके घर में घुस आए और ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस दौरान घर की महिलाओं पर भी लाठियां बरसाई गईं।

इस हमले में रमेश कुशवाहा, उसका पुत्र वीरेन्द्र, बहू डोली तथा छोटा भाई घायल हो गए। पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत चिरगांव थाने में दर्ज कराई है। बताया जा रहा है कि आरोपियों के खिलाफ पहले भी शिकायतें दी गई थीं, लेकिन उनकी ऊंची राजनीतिक पकड़ के चलते अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। घटना के बाद से स्थानीय लोगों में भी डर का माहौल है। पीड़ितों ने दबंगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। अब देखना होगा कि पुलिस प्रशासन इन बेखौफ दबंगों पर क्या कदम उठाता है और पीड़ित परिवार को न्याय मिल पाता है या नहीं।

# रेलवे संगठनों ने महाप्रबंधक को दिया ज्ञापन

**झाँसी।** नॉर्थ सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज संघ के मंडल सचिव राजकुमार के नेतृत्व में एक प्रतिधिमंडल ने एनसीआर के जीएम से मुलाकात की। इस दौरान ज्ञापन के माध्यम से महिलाओं के लिए अलग से विश्राम कक्ष की व्यवस्था कराने, रेलवे अस्पताल में उच्च कोटि के एडजेस्टेबल चिकित्सकीय पलंग उपलब्ध कराने, वरिष्ठ लोको पायलट का कनिष्ठ लोको पायलट से नियमानुसार प्रोफार्मा वेतन निर्धारण कर की जाने वाली कटौती बंद करने, उत्तर मध्य रेल का जोनल प्रशिक्षण केंद्र झांसी में बनाने, डीजल लोको शेड के सामने बने समपार फाटक के ऊपर से ओवर ब्रिज बनवाने, रेल स्प्रिंग कारखाना सिथौली में ग्रुप इंसेंटिव बोनस स्कीम लागू करने आदि की मांग की गई। एनसीआर के प्रतिनिधि मंडल में गौरव श्रीवास्तव, विवेक चड्ढा, एस के सिंह, महेंद्र सेन, नरेंद्र त्रिपाठी, मनोज बघेल, अशोक त्रिपाठी, सुभाष चंद्र बोस, गजेंद्र साहू इत्यादि शामिल रहे। उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ ने महाप्रबंधक को ज्ञापन देकर रेलवे वर्कशॉप में नौकरी से बाहर चल रहे कर्मचारियों को सेवा वापस लेने, दो दिन की कटौती का भुगतान करने, यूनियनों का चंदा बंद करने आदि की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल में बीएमएस के विभाग प्रमुख सी के चतुर्वेदी, हेमंत कुमार, ए के शुक्ला, दयानिधि मिश्रा, संजीव मिश्रा, आर के ठकुरानी आदि लोग शामिल रहे हैं।

# झांसी मंडल में विभिन्न रेलवे सुविधाओं का किया व्यापक निरीक्षण

## एनसीआर जीएम को निरीक्षण में मिला सब कुछ सही

## लोको पायलट और गार्ड से लिया गया फीडबैक



फोटो -4

झांसी। उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन के साथ-साथ झांसी मंडल के विभिन्न रेलवे प्रतिष्ठानों और विकास परियोजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी जगह सबकुछ अच्छा मिला। साथ ही उन्होंने संयुक्त क्रू लॉबी में जाकर लोको पायलट और गार्ड से आवश्यक सुधारों से संबंधित फीडबैक प्राप्त किया।

महाप्रबंधक ने स्टेशन के वीआईपी लाउंज में पुनर्विकास कार्यों से संबंधित लेआउट प्लान का अवलोकन किया एवं स्टेशन पुनर्विकास पर गहन चर्चा की। उन्होंने पश्चिमी दिशा में स्टेशन के समुचित विकास की आवश्यकता पर बल देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। महाप्रबंधक ने झांसी मंडल में स्थापित की जाने वाली भारत की सबसे अत्याधुनिक हाई मैट्रिक्स इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली से संबंधित प्रेजेंटेशन का अवलोकन किया। उन्होंने इस प्रणाली की विशेषताओं, परिचालन में इसकी भूमिका तथा सुरक्षा और दक्षता को बढ़ाने की संभावनाओं पर विस्तृत समीक्षा की।

### कोचों के मेंटेनेंस पर विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश

स्टेशन निरीक्षण उपरान्त महाप्रबंधक ने मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा के साथ कोच केयर सेंटर स्थित ढ्ढह्र॥ डिपो का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने कोचों के मेंटेनेंस और यात्री सुविधा सुधार पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कोचों की आरामदायक सुविधाओं को और अधिक विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि यात्रियों को बेहतर अनुभव मिल सके। उक्त इकाइयों के निरीक्षण उपरान्त महाप्रबंधक ने झांसी मंडल कार्यालय में नवविकसित तथा विस्तारित सभागार का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मंडल अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की, जिसमें रेलवे परिचालन, यात्री सुविधाओं और संरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

### वर्कशॉप और एसी शेड का किया निरीक्षण

इसके उपरांत, श्री जोशी ने वैगन रिपेयर शॉप तथा इलेक्ट्रिक लोको शेड का निरीक्षण किया। यहाँ पर उन्होंने सेंटर ऑ? एक्स्सेलेंस शॉप सीटीआरबी, व्हील शॉप तथा वर्कशॉप के ले आउट प्लान का अवलोकन किया ढ्ढ उन्होंने मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए एवं परिचालन प्रक्रिया की समीक्षा की। महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित दतिया रेलवे स्टेशन का भी निरीक्षण किया।

# बुन्देली वीरांगनाओं को राज्यपाल ने किया सम्मानित

## राज भवन में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को दिया सम्मान



**झांसी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल और उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने राजभवन, लखनऊ में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और विभिन्न विश्वविद्यालय में प्रतियोगिता से चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

बुंदेलखंड से उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित होने वाली महिलाओं में सुश्री नीति शास्त्री (झाँसी), रेखा अहिरवार (जल सहेली) को सामाजिक सेवा और नेहरू महाविद्यालय, ललितपुर की छात्रा प्रिंसी दुबे को भाषण प्रतियोगिता के लिए सम्मानित किया। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक डॉ अचला पाण्डेय, सह समन्वयक डॉ. नेहा मिश्रा भाषण प्रतियोगिता के समन्वयक डॉ शैलेन्द्र तिवारी सहित 06 सदस्य की टीम कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय के निर्देशन में राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की।

राज्यपाल ने नारी शक्ति के विभिन्न क्षेत्रों में अप्रतिम योगदान को रेखांकित करते हुए उनके कार्यों की सराहना की और उनके योगदान को प्रेरणादायक बताया। प्रतिनिधि मंडल ने कुलपति प्रोफेसर मुकेश पांडे से आज भेंट की। कुलपति ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से महिलाओं को और बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है। राजपाल द्वारा हाल ही में किए गए वृहद कार्यक्रम पढ़े विश्वविद्यालय बड़े विश्वविद्यालय दहेज मुक्त भारत नशा मुक्त भारत जैसे कार्यक्रम आयोजित करना बताता है कि कुलाधिपति सामाजिक समस्याओं के समाधान के प्रति सजग एवं कार्यशील है। विश्वविद्यालय अपनी सामाजिक भूमिकाओं का निर्वहन कुलपति के मार्गदर्शन में कर रहा है।

# करंट से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत, परिवार में मचा कोहराम

## खेत में पानी लगाने के दौरान आये करंट की चपेट में



काशीराम मृतक | नरेंद्र मृतक | हरकुंवर मृतक

**झांसी।** खेत में पानी लगाने के दौरान करंट की चपेट में आने से मां के साथ दो बेटों की मौत हो गई। इस घटना से परिवार में हड़कंप मच गया। यह घटना उस समय हुई जब मां और बड़ा बेटा खेत में पानी लगा रह था, तभी बिजली का तार टूटने से पहले मां को करंट लगा। यह देख बड़ा बेटा बचाने दौड़ा तो वह भी करंट की चपेट में आ गया। कुछ देर बाद छोटा बेटा खेत पर पहुंचा तो मां को बेसुध देख उन्हें हिलाने लगा। इस पर छोटा बेटा भी करंट की चपेट में आ गया। तीनों की मौत से गांव में मातम माहौल है। सूचना पर गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

विवरण के मुताविक उल्दन थाना क्षेत्र के ग्राम बंगरा स्थित बड़ी माता मंदिर के पास हरकुंवर अपने दोनों बेटे काशीराम और नरेंद्र कुशवाहा के पास रहते थे। सोमवार की सुबह काशीराम अपनी मां हरकुंवर को लेकर खेत पर पहुंचा। फसल में पानी छोड़ने के बाद मां को खेत पर छोड़कर काशीराम चला गया। इसी दौरान पानी लगाते समय मोटर वाला बिजली तार टूटने से हरकुंवर को करंट लगा। उसको बचाने के लिए काशीराम दौड़ा। मां को छूते ही वह भी करंट की चपेट में आ गया। दोपहर 12 बजे नरेंद्र कुशवाहा खेत पर पहुंचा तो मां और भाई बेसुध पड़े थे। मां को छूने से नरेंद्र भी करंट की चपेट में आ गया। थोड़ी देर बाद काशीराम की पत्नी रामदेवी खेत पर पहुंची तो तीनों बेसुध पड़े थे। जैसे ही उसने पत्नी को छुआ तो, उसे करंट का झटका लगा। वह छिटककर दूर जा गिरी और चिल्लाने लगी। उसकी चीख सुनकर पास में क्रिकेट खेल रहे युवक मौके पर पहुंचे। युवकों ने बिजली का तार काटा और फिर तीनों को उठाकर बंगरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां तीनों को मृत घोषित कर दिया। इस घटना की जानकारी मिलते ही पूरा गांव में मातम पसरा गया। सूचना पर गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

### पिता की नौकरी मिली थी

परिजनों का कहना है कि हरकुंवर के पति धर्मदास कुशवाहा पीडब्ल्यूडी में नौकरी करते थे। करीब अठारह साल पहले धर्मदास की मौत हो गई थी। धर्मदास के दो बेटे थे। बड़े बेटे काशीराम को पिता की नौकरी मिल गई थी, जबकि नरेंद्र खेती करता था।

# दो लुटेरों को दस - दस और एक लुटेरे को तेरह साल का कारावास

## दो अभियुक्तों पर 25 - 25 हजार का अर्थदंड

## एक अभियुक्त पर तीस हजार का अर्थदंड

## डेढ़ किलो सोने और 13 किलो चांदी लूटकांड का मामला

**झांसी।** विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र झांसी पवन कुमार शर्मा की अदालत ने दस वर्ष पूर्व प्रेमनगर थाना क्षेत्र में तमंचा की दम पर सर्राफा कारोबारी से डेढ़ किलो सोना और तेरह किलो चांदी की लूटकांड का आरोप सिद्ध होने पर दो आरोपियों को दस-दस साल का कारावास, 25 - 25 हजार रुपयों का अर्थदंड व एक लुटेरे को तेरह साल का कारावास व तीस हजार रुपयों के अर्थदंड से दंडित किया है।

विशेष शासकीय अधिवक्ता विपिन कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रेमनगर थाना क्षेत्र के पीएनबी बैंक के पास रहने वाले सराफा कारोबारी दीपक सोनी ने एक अगस्त 2014 को प्रेमनगर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि वह रात करीब साढ़े आठ बजे अपनी स्कूटी से दुकान बंद कर सोने चांदी के जेवरात पौने एक किलो सोने और 13 किलो चांदी तथा बीस हजार रुपए नकद रखकर घर जा रहा था। जैसे ही यह घर के नजदीक पहुंचा तभी नकाबपोश बाइक सवार बदमाशों ने उसे रोक लिया और हवाई फायरिंग कर धमकाते हुए उसके हाथ से बैग छीन कर भागने लगे। शोर मचाने पर आस पास के लोग आ गए तो बदमाश हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाकर भाग गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों को तलाश कर रक्सा के खोड़न निवासी ओम बाबू उर्फ गट्टा, राजगढ़ निवासी रक्षपाल सिंह उर्फ बबलू, भगवन्तपुरा निवासी सतीश सोनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बाद में तीनों आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया था।

इसी क्रम में अदालत ने तीनों आरोपियों पर लूटकांड का आरोप सिद्ध होने पर ओमबाबू और रक्षपाल सिंह को दस दस वर्ष का कारावास, पच्चीस - पच्चीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। इसी तरह सतीश सोनी को तेरह साल और तीस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

### जेल में बिताई गई अवधि की सजा

न्यायालय जेएम मोंठ ने समथर थाना क्षेत्र के ग्राम खुर्द राजरी निवासी वीर प्रताप सिंह को तमंचा रखने के आरोप में जेल में बिताई गई अवधि व एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। वहीं, एसीजेएम द्वितीय ने ललितपुर के पूराकला के नईखेड़ा निवासी वीरेंद्र को जेल में बिताई गई अवधि व पांच सौ रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

## जलसंस्थान कर्मचारियों को भी आउट सोर्स सेवा निगम में समावेश किये जाने की मांग

**झांसी।** पूर्व पार्षद संरक्षक बुंदेलखंड जल संस्थान अस्थाई कर्मचारी यूनियन ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया। जलसंस्थान में कार्यरत पंप ऑपरेटर ,बाल मेन ,को भी आउटसोर्स सेवा निगम के तहत मानदेय दिलाए जाने मांग की। किशोरी प्रसाद रायकवार ने बताया कि जिला झांसी के जलसंस्थान के ठेकेदारों द्वारा पंप ऑपरेटर को 3000 कही 4000 रुपए मासिक भुगतान किया जाता है और 12 से 15 घंटे कार्य कराया जाता है जिसमें भविष्य निधि ,स्वास्थ ईएसआईसी,बोनस,नेशनल अवकाश,सुरक्षा उपकरण,ग्रेच्युटी,ग्रुप इंश्योरेंस,आदि कोई भी लाभ प्राप्त नहीं होता है विभागीय ठेकेदार द्वारा भुगतान किया जाता है।

स्वामी निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि., मुद्रक, प्रकाशक, श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल-462023, म.प्र. से मुद्रित एवं कैमासनपुरम, करगुंजी, मेडिकल कॉलज के पास, कानपुर रोड, झाँसी से प्रकाशित।
संपादकः बालेन्द्र गुप्ता पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र झांसी रहेगा।) फोनः 9936277530, 9450071944, ई-मेलः balendragupta271@gmail.com आर.एन.आई.नं. UPHIN 2012/47946